• जयपुर, शनिवार 17 जनवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 140 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राज्य के विरुद्ध निर्णय पारित करने के संबंध में जिला कलक्टर ने सक्षम न्यायालय...

पेज @4 प्राकृतिक एवं जैविक फार्म 'सावी एग्रो वेंचर' का कलेक्टर द्वारा...

पेज @8 श्री श्रीयादे माता जयंती पर जोधपुर में दो दिवसीय भव्य महोत्सव....

### जब ग्रामीण भारत होगा विकसित,तभी देश का होगा विकास सुनिश्चितः अरूण सिंह

# भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के दुष्प्रचार का खंडन करें, मोदी की योजनाओं का मनाए उत्सवः अरूण सिंह

## कांग्रेस को राम नाम से ही दिक्कत, लेकिन देश बढ़ रहा है रामराज्य की ओरः भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीबी जी रामजी जनजागरण अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने अभियान की विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीबी–जी रामजी कानून को लेकर कांग्रेस और उसकी शीर्ष नेता सोनिया गांधी तक देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही हैं। कांग्रेस नेताओं द्वारा जनभावनाओं को भड़काने का काम किया जा रहा है और वे बिचौलियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह कांग्रेस के इस षड्यंत्र का मजबूती से खंडन करे।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के झूठे प्रचार का खंडन करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए इस कानून के प्रति जनता को उत्सव के भाव के साथ जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि एक ओर झूठ का खंडन और दूसरी ओर जनजागरण का उत्सव–यही हमारी रणनीति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और बदलते भारत की मांग के अनुरूप परिवर्तन करते हुए नए कानून के माध्यम से 100 दिनों के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन किया। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक प्रावधान किए है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण परिवेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नया स्वरूप है। जब ग्रामीण भारत विकसित होगा, तभी देश का विकास सुनिश्चित होगा।

राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि कांग्रेस यह भ्रम फैला रही है कि लोगों को रोजगार नहीं मिलेगा, जबकि सच्चाई यह है कि मोदी सरकार ने कार्य दिवस बढ़ाए हैं। कांग्रेस यह भी दुष्प्रचार कर रही है कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है, जबकि देश में सबसे अधिक योजनाओं के नाम बदलने का काम स्वयं कांग्रेस ने किया है। इसके अलावा, फसल की बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों का ब्रेक देने का निर्णय मोदी सरकार का एक ऐतिहासिक फैसला है। जिससे फसल कटाई और बुवाई के समय देश के किसानों को पर्याप्त मजदूर मिल पाएंगे। अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस जितना अधिक प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करेगी, जनता उतनी ही मजबूती से कांग्रेस को जवाब देगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीबी जी रामजी जनजागरण अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता हैं जो हर योजना में कमी निकालने का काम करते हैं। चाहे वह सीएए हो, ईवीएम का मुद्दा हो या फिर एसआईआर–कांग्रेस हर विषय पर भ्रम फैलाने का प्रयास करती है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अब कांग्रेस को ''जी रामजी'' नाम से भी आपत्ति है। हमने तो राजस्थान से 'रा' और मध्यप्रदेश से 'म' लिया और महत्वपूर्ण परियोजना ईआरसीपी का नाम स्वतः ही 'राम जल सेतु' हो गया। यदि कांग्रेस को राम जी से ही दिक्कत है तो इसमें हम क्या कर सकते हैं। प्रकृति का नियम है कि जो होना है, वह होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश धीरे-धीरे रामराज्य की ओर बढ़ रहा हैं।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने देश को खोखला करने का काम किया है। वह हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है,







### अंबेडकर और दीनदयाल का सपना पूरा कर रहे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीः भजनलाल शर्मा

### भाजपा ने भ्रष्टाचार पर किया प्रहार तो रूकी बिचौलियों की कमाई, कांग्रेस के शुरू हुआ पेट में दर्द : मदन राठौड़

लेकिन अब मोदी का जमाना है। अब न तो भ्रष्टाचार करने दिया जाएगा और न ही भ्रष्टाचार को दबाया जाएगा। कांग्रेस को इस बात का दर्द है कि अब वे भ्रष्टाचार नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भ्रष्टाचार हुआ भी है तो मोदी सरकार उसे बाहर निकाल कर सामने लाएगी। सीएम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने में नंबर वन है, भ्रम फैलाने में नंबर वन है और तुष्टिकरण में भी नबंर वन है, और उसी आधार पर राजनीति करना चाहती है। इसलिए झूठ का पर्दाफाश करना आज सबसे अधिक आवश्यक है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ''ान किया कि वीबी जी रामजी जनजागरण अभियान को लेक र गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचना होगा। लोगों को यह बताना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया है और 15 दिन में मजदूरी देने की गारंटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी डबल इंजन सरकार युवाओं के रोजगार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार ने अब तक 1 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी हैं, 1.44 लाख भर्तियां प्रक्रिया में हैं और 1 लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हमने पहले ही कह दिया था कि आप पेन और डायरी लेकर बैठ जाएं, हम आपको हर बात का हिसाब देंगे। पेपर लीक के मामलों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अब तक 400 लोग जेल में हैं। अब यह तय करना कांग्रेस का काम है कि ये 400 लोग छोटी मछली हैं या बड़े मगरमच्छ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस और बिचौलियों का ऐसा गठबंधन रहा है कि जब जब भाजपा भ्रष्टाचार पर प्रहार करती है तो बिचौलियों की कमाई रूकती है, तब तब कांग्रेस के पेट में दर्द होना शुरू हो जाता है। कांग्रेस को ना किसान से मतलब है ना ही मजदूर से। उसकी मजबूरी है क्योंकि भ्रष्टाचार रूकता है तो मार उसके बिचौलिए साथियों पर पड़ती है। उन्होंने कहा कि एक ओर 125 दिन रोजगार की गारंटी मिल रही है, तो दूसरी ओर जब किसान को बुवाई और कटाई के समय जरूरत हो तब 60 दिनों की छुट मिलेगी, जिसका लाभ गांव, गरीब और मजदूर को होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मनरेगा के नाम पर एक भी स्थाई काम आप को किसी गांव में देखने को नहीं मिलेगा। मनरेगा में स्थाई काम ना होना और बिना किसी योजना के कामों की स्वीकृति होना भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करता है। कांग्रेस के शासनकाल में एक ही परिवार के नाम पर अनेक योजनाओं के ना केवल नामकरण किए गए, बल्कि 600 से अधिक संस्थाओं एवं योजनाओं के नाम एक ही परिवार पर रखकर जिस तरह आजादी के आंदोलन में शामिल हुए स्वतंत्रता सैनानियों का अपमान किया, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजभवन को लोकभवन, राजपथ को कर्त्तव्य पथ जैसे नाम देक र सत्ता नहीं, सेवा के संस्कार चरितार्थ किए। कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने वीबी जी रामजी जनजागरण अभियान की प्रस्तावना रखी, वहीं धन्यवाद ज्ञापित अभियान के संयोजक पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई ने किया। इस दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष मुक ेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भूपेंद्र सैनी, पूर्व मंत्री प्रभू लाल सैनी उपस्थित रहे।

**न्यूज़ अपडेट**

### महिला सहित तीन लोगों ने फांसी लगाकर दे दी जान

**बाराबंकी/एजेंसी।** सफदरगंज, रामसनेहीघाट व कोतवाली नगर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बीमारी से जूझ रही युवती समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। युवती के पास से मिले सुसाइड नोट से इसकी पुष्टि है। सूचना पर पुलिस ने तीनों शवों का पीएम कराया है।सफदरगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्बरबजहा गांव निवासी कुलदीप वर्मा उर्फ दीपू अपने खेत के हाते में बने बंगले में अकेला ही रहता था। उसी हाते में रहकर अपने मवेशी और खेत की रखवाली करता था। शुक्रवार की सुबह कुलदीप की पत्नी जब हाते में पहुंची। उसका शव हाते में फंदे से लटका मिला। उसे देखकर वह चीख पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। मृतक परिवार का एकमात्र सहारा था। म छोटी बहन समेत 16 वर्षीय बेटा घनश्याम और 14 वर्षीय बेटी शिवानी है। उधर, कोतवाली नगर क्षेत्र के बैरहाहार मजरे शुक्लाई निवासी मनीष वर्मा (30) पुत्र हंसराज वर्मा की पत्नी अपने मायके में थी। गुरुवार रात पत्नी से फोन पर बात की। जिससे नाराज युवक ने बंद कमरा में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने मनीष के कमरे का दरवाजा बंद देखा। उसे अनहोनी की आशंका हुई। अंदर झांकने पर उसका शव फंदे पर लटका रहा था।

# अब स्टार्टअप करे उत्पादन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित : नरेंद्र मोदी

नयी दिल्ली । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अब स्टार्टअप को उत्पादन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने की ज्यादा आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें नए और दुनिया के श्रेष्ठतम गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने होंगे। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर आज मोदी ने यहां भारत मंडपम में आयोजित स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने से जुड़े कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले केवल बड़े घराने के बच्चे ही नया व्यवसाय और उद्यम शुरू करते थे और मध्यम वर्ग व गरीब परिवारों के अधिकतर बच्चे नौकरी पाने का सपना ही देखा करते थे। लेकिन स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने इस मानसिकता को बदला है और इस कारण आज युवा स्टार्टअप के माध्यम से वास्तविक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत की। कुछ चुने हुए स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने अपनी उद्यमी यात्रा के अनुभव को साझा किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने नए स्टार्टअप्स में महिलाओं की लगातार बढ़ती भूमिका को गौरव का विषय बताते हुए कहा कि आज 45 प्रतिशत नए स्टार्टअप में महिला या निदेशक या फिर पार्टनर हैं। भारत महिला भागीदारी के हिस्से के तौर पर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको तंत्र बन गया है।

प्रधानमंत्री ने देश के स्टार्टअप मिशन को रेनबो मिशन की संज्ञा दी और कहा कि इसने विविध क्षेत्रों को आपस में जोड़ा है और नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने देश के युवाओं की जोखिम उठाने की प्रवृत्ति की सराहना करते हुए कहा कि आज मासिक वेतन से आगे सोचने वालों को न केवल स्वीकार किया जाता है बल्कि सम्मान भी दिया जाता है। पहले जोखिम भरे विचारों को लोग फ्रिज (अटपटी) नजर से देखते थे लेकिन अब वह फैशन बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में स्टार्ट ऑफ इंडिया मिशन एक रिवॉल्यूशन बन चुका है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। स्टार्टअप की संख्या 500 से बढ़कर अब 2 लाख हो गई है और 125 एक्टिव यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है जहां इतनी बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न है। अकेले साल 2025 में ही 44 स्टार्टअप रजिस्टर हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने की वैश्विक मानकों वाले उत्पाद बनाने की अपील



### ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक फंसे, विदेश मंत्रालय बोला- अपनों के लिए कुछ भी करेंगे

**नई दिल्ली/एजेंसी।** ईरान में जारी राजनीतिक और सुरक्षा हालात को लेकर भारत सरकार पूरी तरह सतर्क है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ताजा बयान में कहा कि ईरान में जो कुछ भी घटित हो रहा है, उस पर भारत लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि फिलहाल करीब 9,000 भारतीय नागरिक ईरान में मौजूद हैं, जिनमें सबसे बड़ी संख्या छात्रों की है। विदेश मंत्रालय ने ईरान की मौजूदा स्थिति को देखते हुए अब तक तीन एडवाइजरी जारी की हैं। इनमें भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। वहीं, ईरान में रह रहे भारतीयों से कहा गया है कि वे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश छोड़ने के विकल्पों पर विचार करें। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वहां फंसे भारतीय नागरिकों की हर संभव मदद की जाएगी।

» केरल सरकार की पहल, नोरका रूट्स ने सक्रिय की विशेष हेल्पडेस्क

ईरान में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय तनाव की आशंका के बीच केरल सरकार भी अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर नोरका रूट्स ने ईरान में रह रहे केरलवासियों के लिए विशेष सहायता डेस्क शुरू की है। नोरका ने बताया कि जरूरतमंद केरलवासी टोल-फ्री नंबर या इंटरनेशनल मिस्ड कॉल सुविधा के जरिए नोरका ग्लोबल कॉन्टैक्ट सेंटर हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

# वैश्विक दबावों से परे भारत की आर्थिक उड़ान

अमेरिका के लाख दबाव के बाद भी भारत की आर्थिक ग्रोथ होना बताता है कि हम सही दिशा में हैं। वस्तुतः ये दुनिया के उन तमाम देशों के लिए भी मूक संदेश है कि कभी एक या सीमित देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, लाख असहमति के बाद भी दुनिया में एक साथ अनेक मित्र बनाए जा सकते हैं, संतुलित मित्रता, बहुआयामी साझेदारी और आत्मनिर्भरता ही भविष्य का रास्ता है, जिसका आज भारत सशक्त उदाहरण है। क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था ने यह साफ कर दिया है कि वह किसी एक देश या बाजार पर निर्भर नहीं है। इसलिए ही अमेरिका सहित वैश्विक शक्तियों के दबावों के बावजूद भारत ने निर्यात, उत्पादन और सेवाओं के क्षेत्र में आज मजबूती दिखाई है। वाणिज्य मंत्रालय के ताजा आंकड़े इस आत्मविश्वास की ठोस तस्वीर पेश करते हैं।

अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच भारत का कुल निर्यात, जिसमें माल और सेवाएं दोनों शामिल हैं, 634.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 607.93 बिलियन डॉलर के मुकाबले 4.33 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी तरह से अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान माल निर्यात 330.29 बिलियन डॉलर तक पहुंचा, यह भी 322.41 बिलियन डॉलर पिछले वर्ष की तुलना से 2.44 प्रतिशत अधिक है। विशेष रूप से गैर पेट्रोलियम निर्यात का 288.16 बिलियन डॉलर तक पहुंचना और 5.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करना यह दर्शाता है कि भारत ऊर्जा आयात पर निर्भरता घटाते हुए विविध क्षेत्रों में मजबूती बना रहा है।

दिसंबर 2025 में ही माल निर्यात 38.51 बिलियन डॉलर रहा, जोकि इससे एक वर्ष पूर्व 2024 के दिसंबर के आंकड़े से बेहतर है। इस बीच हमें इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में तेज उछाल देखने को मिला, जहां यह 3.57 बिलियन डॉलर से बढ़कर 4.17 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। फार्मा सेक्टर ने अपनी विश्वसनीयता बनाए रखते हुए स्थिर वृद्धि दर्ज की है। इंजीनियरिंग गुड्स और समुद्री उत्पादों ने भी निरंतर मांग के दम पर मजबूती दिखाई देती है। ऐसे सकारात्मक वातावरण में खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित निर्यात भी पीछे नहीं रहे। मीट, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों में आई वृद्धि दर्शाती है कि ग्रामीण भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का अहम हिस्सा बन चुका है।

देखा जा रहा है कि जहां माल निर्यात उत्पादन क्षमता को दर्शाता है, वहीं सेवाओं का निर्यात भारत की बौद्धिक और तकनीकी शक्ति का प्रमाण है। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच सेवाओं का अनुमानित निर्यात 6.46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 303.97 बिलियन डॉलर रहा है। आईटी, सॉफ्टवेयर और बिजनेस सर्विसेज ने यह सुनिश्चित किया कि वैश्विक मंदी के संकेतों के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। हालांकि दिसंबर 2025 में कुल निर्यात में हल्की गिरावट जरूर दर्ज की गई, किंतु सेवाओं का निर्यात 35.50 बिलियन डॉलर पर स्थिर रहा। यही वह क्षेत्र है जिसने ट्रेड बैलेंस को संभालने में निर्णायक भूमिका निभाई। ऐसे में 151.74 बिलियन डॉलर का ट्रेड सरप्लस यह दिखाता है कि भारत इस वक्त आयात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं रही है, यह निर्यात प्रेरित विकास मॉडल की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

यहां समझने के लिए यह भी है कि भारत की निर्यात सफलता का एक बड़ा कारण उसका बदला हुआ वैश्विक दृष्टिकोण है। वह आज किसी एक देश पर निर्भर नहीं रह कर सभी के साथ अपने मित्रवत संबंध बनाने में सफल दिखता है। तमाम असहमतियों के बीच भी अमेरिका के साथ मजबूत व्यापारिक रिश्ते उसके बने ही हुए हैं। साथ ही एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका में भी अपने बाजारों का विस्तार किया है। चीन को निर्यात में दर्ज की गई तेज वृद्धि यह दर्शाती है कि यहां भी राजनीतिक असहमति के बावजूद आर्थिक संवाद और व्यापारिक संभावनाएं खुली रखी जा सकती हैं। यूएई, मलेशिया, स्पेन और हॉन्गकॉन्ग जैसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती मांग इस बात का प्रमाण है कि एक दुनिया, अनेक मित्र की नीति व्यावहारिक और लाभकारी भी है। यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को जोखिमों से बचाती है और नए अवसरों के द्वार खोलती है। हालांकि यह सच भी है कि आयात में वृद्धि होने के बाद भी मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट एक चुनौती बना हुआ है। किंतु इसे कमजोरी के रूप में देखने के बजाय संक्रमणकालीन चरण के रूप में समझना अधिक उचित होगा। क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर, मशीनरी और कच्चे माल का आयात भविष्य की उत्पादन क्षमता को मजबूत करने का आधार है। दूसरी ओर सोना और कुछ गैर जरूरी आयातों में आई कमी यह बताती है कि नीतिगत स्तर पर संतुलन साधने की कोशिशें जारी हैं।

अब ऐसे में कहा जा सकता है कि मोदी सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं, मुक्त व्यापार समझौते और लॉजिस्टिक्स सुधार आने वाले वर्षों में भारत के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले हैं। लक्ष्य पूरी तरह स्पष्ट है कि भारत को एक सफल वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस हब बनाया जाना है, जिसके लिए जमीन पर अनेक कार्य होते हुए आज दिखाई दे रहे हैं। वस्तुतः आज किसान, कारीगर, स्टार्टअप संस्थापक और आईटी पेशेवर, हर वर्ग यह महसूस कर रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही है। आज विश्व स्तर के तमाम दबावों के बीच भी सकारात्मक ग्रोथ बनाए रखना इस बात का प्रमाण है कि भारत ने आत्मनिर्भरता और वैश्विक सहयोग के बीच संतुलन साधने का अपने में हुनर पा लिया है। ऐसे में साल 2025 का यह निर्यात प्रदर्शन उस भविष्य की झलक है जहां भारत आत्मविश्वास के साथ कह सकता है कि हम अब आत्मनिर्भर हैं, हम दुनिया के साथ हैं और अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहे हैं। यही नया भारत है और यही उसकी आर्थिक उड़ान की आज की सफलतम कहानी है।

# यमुना को बचाने के लिए जरूरी हैं छोटे प्रयास



प्रदीप श्रीवास्तव



दिल्ली की जीवनरेखा मानी जाने वाली यमुना नदी को साफ़ करने के लिए बीते तीन दशकों में हज़ारों करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त कोशिशों, विदेशी सहायता और न्यायिक हस्तक्षेप के बावजूद यमुना की स्थिति आज भी चिंताजनक बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारें अभी तक यमुना को साफ़ करने की मूलभूत रणनीति को ही नहीं समझ पाई हैं। नतीजा यह है कि यमुना, जो कभी दिल्ली की प्यास बुझाने वाली नदी थी, आज एक "मरी हुई नदी" बनती जा रही है। जबकि, बहुत छोटे स्तर पर एक एनजीओ द्वारा किया गया प्रयास रंग लाने लगा है। क्योर एनजीओ ने बहुत छोटे स्तर पर मलिन बस्तियों से निकलने वाले सीवेज को साफ करना शुरू कर दिया है, जो यमुना में जाकर मिलता है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर इस मॉडल को दिल्ली की सभी मलिन बस्तियों में लागू कर दिया जाए, तो यमुना को साफ करने में काफी हद तक कामयाबी पाई जा सकती है। दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या सीवेजः यमुना नदी की कुल लंबाई लगभग 1,376 किलोमीटर है लेकिन उसमें मिलने वाले कुल प्रदूषण का 70% हिस्सा केवल दिल्ली से आता है। दिल्ली के भीतर बहने वाला लगभग 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा यमुना का सबसे ज़्यादा प्रदूषित भाग है।

दिल्ली जल बोर्ड और सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट (2023) के अनुसार, दिल्ली 720 मिलियन गैलन प्रतिदिन सीवेज उत्पन्न करती है। लेकिन इसके शोधन की क्षमता लगभग 597 मिलियन गैलन प्रतिदिन ही है। वास्तविकता यह है कि चालू स्थिति में सिर्फ़ 514 मिलियन गैलन प्रतिदिन सीवेज ट्रीट होता है। यानी लगभग 200 मिलियन गैलन प्रतिदिन से अधिक सीवेज बिना शुद्धिकरण के सीधे यमुना में चला जाता है। दिल्ली में कुल 35 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हैं, लेकिन इनमें से 50% अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में 1,800 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियाँ और लगभग 750 मलिन बस्तियाँ हैं, जिनसे निकलने वाला सीवेज केंद्रीकृत सीवर नेटवर्क से जुड़ा ही नहीं है। इसका मतलब है कि बड़ी योजनाएँ और एसटीपी लगाने के बावजूद, जब तक इन बस्तियों और कॉलोनियों को ध्यान में रखकर विकेंद्रीकृत समाधान नहीं अपनाया जाएगा, तब तक यमुना को साफ़ करना संभव नहीं है।

छोटे प्रयास, बड़ा असरः दिल्ली के वसंत विहार इलाके के शिवा कैंप में सेंटर फ़ॉर अरबन एंड रेज़ीलिएंस एक्सिलेंस एनजीओ बहुत प्रभावी है। क्योरने यहाँ डिसेंट्रलाइज़डवेस्टवाटर ट्रीटमेंट सिस्टम लगाया है। यह सिस्टम इंटरसेप्टिक टैंक और बायो-रेमेडिएशन तकनीक पर काम करता है।बस्ती से निकलने वाला सीवेज पहले इंटरसेप्टिक टैंक में जमा होता है, जहाँ भारी गाद और ठोस अपशिष्ट बैठ जाते हैं। इसके बाद यह पानी एक बायो-फिल्टर यूनिट से गुजरता है, जिसमें प्राकृतिक बैक्टीरिया, पौधे और बायो मीडिया गंदगी को तोड़कर साफ़ कर देते हैं। अंत में पानी इतना साफ़ हो जाता है कि उसका उपयोग सिंचाई, ग्राउंडवॉटर रिचार्ज या सामुदायिक उपयोग में किया जा सकता है।

इस मॉडल के फायदेः सीवेज को यमुना तक पहुँचने से पहले ही रोक दिया जाता है। महंगे एसटीपी और बड़े ड्रेनेज नेटवर्क पर निर्भरता कम होती है।स्थानीय स्तर पर रोज़गार और सामुदायिक भागीदारी बढ़ती है। बस्ती में स्वास्थ्य और स्वच्छता की स्थिति सुधरती है। दिल्ली के वसंत विहार इलाका स्थित शिवा कैंप, एक छोटी मलिन बस्ती है, जहाँ करीब 105 घर और लगभग 735 लोग रहते हैं। यहां काम कर रहे एक एनजीओ क्योर ने एक इंटरसेप्टिक टैंक लगाया, जो बस्ती से निकलने वाले सीवेज को साफ़ करता है।

सिर्फ छह महीनों में इस मॉडल ने बस्ती की तस्वीर बदल दी। अब यहाँ मच्छर और गंदगी जनित बीमारियाँ कम हो गई। लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हुआ और आय में सुधार हुआ। अब बस्ती के लोग खुद मानते हैं कि बीमारी पर होने वाला खर्च कम हुआ है।

यहाँ के राजू प्रधान, जो अघोषित तौर पर इस बस्ती के कर्ताधर्ता हैं, कहते हैं कि यहाँ गंदगी इतनी होती थी कि पहले यहाँ कूड़े वाली गाड़ी नहीं आती थी, लेकिन बाद में जब यहाँ एनजीओ वालों ने सफ़ाई की अलख जगाई, तब यहाँ पर इतनी सफ़ाई हो गई कि अब कूड़े वालों को यहाँ आने में भी कोई दिक्कत नहीं होती है। वे कहते हैं कि यहाँ हर चीज में तीन माह में ही फ़र्क दिखने लगा। वहीं, यहाँ के एक निवासी बृजमणि कहती हैं कि यहाँ गंदगी के कारण लोगों के सिर में दर्द की शिकायत रहती थी, जबकि कई लोग माइग्रेन और त्वचा से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन यहाँ सफ़ाई व्यवस्था ठीक होने के कारण सब अच्छा हो गया और अब परेशानियाँ भी काफी कम हो गई है।

जबकि, आरती कहती हैं कि पहले मच्छर और मक्खियों की भरमार रहती थी लेकिन अब सफ़ाई होने के यहाँ गंदगी बहुत कम हो गई है। टायलेट की भी व्यवस्था काफी अच्छी है। मुस्कान कहती हैं कि अब रिश्तेदार भी यहाँ की सफ़ाई की तारीफ़ करते हैं। पहले रिश्तेदारों को बुलाने में शर्म महसूस होती थी, क्योंकि यहाँ काफी गंदगी रहती थी, लेकिन अब यहाँ पर कोई भी आ जाए, हमें कोई दिक्कत नहीं होती है।

असल में देखा जाए तो यमुना की सफाई काफी हद तक छोटे-छोटे प्रयासों में छिपी है। दिल्ली अर्बन शेल्टरइंप्रूवमेंट बोर्ड और डीडीए के अनुसार, दिल्ली में करीब 750 मलिन बस्तियाँ हैं, जिनमें 3.5 लाख परिवार और 30 लाख से अधिक लोग रहते हैं। यदि शिवा कैंप जैसा मॉडल हर बस्ती में लागू किया जाए तो यमुना में गिरने वाला अनट्रीटेड सीवेज कम हो सकता है। जल प्रदूषण में भारी गिरावट आ सकती है और यमुना को पुनर्जीवित करने का सपना साकार हो सकता है। क्यों ज़रूरी है विकेंद्रीकृत मॉडलः दिल्ली की 750 मलिन बस्तियों में से अधिकांश केंद्रीकृत सीवर नेटवर्क से जुड़ ही नहीं सकतीं क्योंकि वे नदी किनारे, रेलवे लाइन और सरकारी भूमि पर बसी हैं। इन बस्तियों का सीवेज सीधे नालोंके ज़रिए यमुना में चला जाता है। अगर हर बस्ती में क्योर जैसा डिसेंट्रलाइज़्ड वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम लगाया जाए, तो प्रतिदिन लगभग 100झ120 टक्रऊ सीवेज यमुना में जाने से रोका जा सकता है। यह बड़े प्रयासों की तुलना में सस्ता, तेज़ और स्थानीय समाधान है।

यमुना को बचाना केवल तकनीकी चुनौती नहीं बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक भागीदारी का मामला है। अरबों रुपये खर्च करने के बावजूद सरकारी योजनाएँ नाकाम रहीं, जबकि एक छोटे से एनजीओ का प्रयोग दिखाता है कि बदलाव संभव है। अब सरकारों को चाहिए कि वह मलिन बस्तियों और अनधिकृत कॉलोनियों में विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट मॉडल लागू करे। एनजीओ को शामिल करते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित करे। सीवेज डेटा और ग्राउंड-लेवल मॉनिटरिंग को पारदर्शी बनाया जाए। यमुना खुद को पुनर्जीवित कर सकती है, बस ज़रूरत है ईमानदार प्रयास की और यह कोविड लॉकडाउन ने साबित कर दिया। अब ज़रूरत है कि हम प्रदूषण के स्रोतों को रोकें और छोटे-छोटे प्रयासों को बड़े पैमाने पर लागू करें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आस्था से आधुनिकता तक ज्ञान, कला व परंपरा का महापर्व सरस्वती पूजा



डॉ. अमरेन्द्र सुमन



सनातन धर्म की समृद्ध, बहुआयामी और कालजयी परंपरा में पर्व- त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं होते, बल्कि वे समाज, संस्कृति, कला, अर्थव्यवस्था और सामूहिक चेतना के जीवंत उत्सव होते हैं। इन्हीं पर्वों में से एक मां शारदे की पूजा है, जिसका स्थान विशिष्ट और गौरवपूर्ण है। यह पूजा ज्ञान, विद्या, बुद्धि, वाणी, संगीत, कला और सृजन की देवी मां सरस्वती को समर्पित है, जो मानव सभ्यता की बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना की अधिष्ठात्री हैं। मां शारदे की पूजा विशेष रूप से विद्यार्थियों, शिक्षकों, कलाकारों, साहित्यकारों, संगीतज्ञों और शिल्पकारों के लिए आस्था, प्रेरणा और साधना का पर्व है। यह पर्व न केवल ज्ञानार्जन की कामना से जुड़ा है, बल्कि यह समाज को यह स्मरण भी कराता है कि बिना विद्या और विवेक के किसी भी क्षेत्र, समाज, राष्ट्र या सभ्यता की उन्नति संभव नहीं है। मां सरस्वती का उल्लेख ऋग्वेद में एक पवित्र नदी के रूप में मिलता है, जो आगे चलकर ज्ञान और वाणी की देवी के रूप में प्रतिष्ठित हुई। वैदिक काल में सरस्वती को वाक की अधिष्ठात्री माना गया। वह शक्ति, जिसके बिना मंत्र, वेद और ज्ञान का प्रवाह संभव नहीं। कालांतर में पुराणों, उपनिषदों और स्मृतियों में मां सरस्वती को ब्रह्मा की सहचरी तथा सृजन की प्रेरक शक्ति के रूप में स्थापित किया गया।

शारदा, वाग्देवी, वाणी, भारती, ब्राह्मी, महाविद्या, ज्ञानदा, बुद्धिदा, मेधा, विद्या, विद्यारूपिणी, वाक्प्रदायिनी, नीलसरस्वती, शुभ्रवस्त्रा, हंसवाहिनी, वीणावादिनी, श्वेतपद्मासना, सिद्धिदात्री, सर्वज्ञा इत्यादि नाम से पूजित तथा बसंत पंचमी के दिन मनाई जाने वाली सरस्वती पूजा ऋतु परिवर्तन का भी प्रतीक है। शीत ऋतु के बाद बसंत का आगमन, प्रकृति में नवजीवन, पीले फूलों की छटा और सृजनात्मक ऊर्जा। इन सभी का समन्वय इस पर्व में दृष्टिगोचर होता है। यही कारण है कि पीले वस्त्र, पीले पुष्प और पीले पकवान इस पूजा का अभिन्न अंग बन गए हैं।

सरस्वती पूजा केवल मूर्ति पूजन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक साधना है। यह पूजा मानव जीवन में विवेक, संयम, शुद्धता और सृजनशीलता के महत्व को रेखांकित करती है। मां सरस्वती का श्वेत वस्त्र धारण करना शुद्धता का प्रतीक है, वीणा कला और संगीत की, पुस्तक ज्ञान की और हंस विवेक की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है। आध्यात्मिक दृष्टि से सरस्वती पूजा हमें यह सिखाती है कि ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित न रहे, बल्कि वह जीवन के आचरण में उतरे। सच्चा ज्ञान वही है जो अहंकार नहीं, बल्कि विनम्रता पैदा करे। जो विभाजन नहीं, बल्कि समन्वय सिखाए।

सनातन धर्म की परंपरा में पर्व- त्योहारों के अवसर पर मृदा से देवी- देवताओं की मूर्तियों का निर्माण और उनका विधिवत अधिष्ठापन सदियों से चला आ रहा है। चाहे दुर्गा पूजा हो या काली पूजा, लक्ष्मी पूजा हो या सरस्वती पूजा, गणेश पूजा हो या वर्ष भर विभिन्न महीनों में होने वाली अन्य धार्मिक अनुष्ठान, हर पूजा में शिल्पकारों के हाथों की कला, उनकी आस्था, लगन और परिश्रम की अमिट छाप जीवंत हो उठती है। मूर्ति निर्माण केवल एक पेशा नहीं, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही परंपरा है। मिट्टी, भूसा, बांस, रंग और कल्पना। इन सबके समन्वय से जब एक मूर्ति आकार लेती है, तो उसमें केवल शिल्पकार की मेहनत ही नहीं, बल्कि उसकी श्रद्धा भी समाहित होती है। यही कारण है कि मृदा निर्मित मूर्तियों के समक्ष श्रद्धालु सहज ही नतमस्तक हो जाते हैं।

सरस्वती पूजा को प्रायः विद्यार्थियों का पर्व कहा जाता है। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, कोचिंग संस्थान और ट्यूशन केंद्र। हर जगह इस दिन विशेष उत्साह देखने को मिलता है। छात्र- छात्राएं ज्ञान की देवी की पूजा पूरी आस्था, उल्लास और बेहतर भविष्य की कामना के साथ करते हैं। पुस्तकें, कलम, वाद्य यंत्र और कॉपियां मां के चरणों में रखकर यह प्रार्थना की जाती है कि विद्या में सफलता मिले, बुद्धि का विकास हो और जीवन पथ प्रशस्त हो। यह पर्व विद्यार्थियों के मन में अनुशासन, एकाग्रता और नैतिकता का भी संस्कार रोपित करता है। सामूहिक पूजा, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

यह सत्य है कि आधुनिकता की वैश्विक चकाचौंध ने समाज के कई पहलुओं को प्रभावित किया है। परंपरागत मृदा निर्मित मूर्तियों की मांग में अब पहले जैसी स्थिति नहीं दिखती। प्लास्टर ऑफ पेरिस की तथा धातु की मूर्तियां, कृत्रिम सजावट और बाजारवादी प्रवृत्तियां धीरे- धीरे परंपरागत पेशे पर दिन व दिन भारी पड़ती जा रही हैं, फिर भी, मूर्ति निर्माण से जुड़े कारीगरों का मानना है कि नई पीढ़ी के युवाओं में आज भी उनके माताझपिता की उम्र की आस्था, जज्बा और जोश जीवित है। फर्क केवल अभिव्यक्ति का है। युवा पीढ़ी परंपरा को आधुनिक संदर्भों में अपनाने की कोशिश कर रही है। पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों की मांग, सीमित खर्च में सामूहिक पूजा और सामाजिक संदेशों के साथ आयोजन, ये सभी बदलाव इसी सोच के परिचायक हैं।

आज सरस्वती पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संवाद का माध्यम भी बन रही है। शिक्षा के गिरते स्तर, नैतिक मूल्यों के क्षरण और प्रतियोगिता के दबाव के बीच यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। आवश्यक है कि हम इस पर्व के मूल भाव, ज्ञान, विवेक और सृजनशीलता को समझें और उसे जीवन में उतारें। शिल्पकारों की परंपरा को संरक्षण देना, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहना और युवाओं को संस्कृति से जोड़ना समय की मांग है। यह पूजा सनातन धर्म की उस जीवंत परंपरा का भी प्रतीक है, जहां आस्था, संस्कृति, कला और आजीविका एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं।

यह पर्व हमें याद दिलाता है कि ज्ञान ही वह प्रकाश है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर सकता है। मूर्ति निर्माण से लेकर पूजा पंडालों तक, विद्यार्थियों की उमंग से लेकर शिल्पकारों की मेहनत तक—हर स्तर पर सरस्वती पूजा समाज की सामूहिक चेतना का उत्सव है। यदि हम इस पर्व की आत्मा को समझते हुए परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बना सकें, तो निश्चय ही सरस्वती पूजा आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतनी ही प्रेरक और प्रासंगिक बनी रहेगी। मां सरस्वती की आराधना केवल एक दिन काअनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन भर चलने वाली साधना है ज्ञान की, विवेक की और मानवता की।

# विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का जाल



मनोज कुमार अग्रवाल

विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों युवाओं की जेब काटकर उनके सपनों को चकनाचूर करने का बड़ा षडयंत्र चल रहा है। विदेश मे जाकर नौकरी रोजगार कर बेशुमार दौलत कमाने का सपना किसे अच्छा नही लगता है? हर कोई चाहता है कि वह अच्छे पैसे कमाए और बेहतर जीवन जीए। इसी आशा में अपने सुखद भविष्य के सपने संजोकर अनेक युवा किसी भी तरीके से विदेश पहुंचने की कोशिश करते रहते हैं परंतु उनमें से अनेक युवक जालसाज ट्रैवल एजेंटों के हाथों ठगी का शिकार हो रहे हैं जिनकी मात्र इसी महीने कई घटनाएं सामने आई हैं। आपको बता दें कि 14 जनवरी मेरठ शहर के आजाद चौक व कांधला क्षेत्र के छह युवकों को सिंगापुर और मलेशिया में मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यही नहीं, दो युवकों को फर्जी कागजात के आधार पर मलेशिया भेज दिया गया, जहां उन्हें 15 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। तीन जनवरी को दोनों युवक किसी तरह भारत लौटे। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है। 14 जनवरी नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने और साइबर अपराधियों के हवाले करने वाले फर्जी एजेंट शुभम को गिरफ्तार किया है. आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से पैसे वसूल करता था और उन्हें थाईलैंड, म्यांमार में साइबर स्लेवरी में फंसा देता था. पुलिस आरोपी के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की गहन जांच कर रही है.

14 जनवरी को ही दुबई में फंसे उत्तराखंड रुद्रपुर के चार युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस से गुहार लगाई है. जिसके बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले की जांच सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। 4 जनवरी, 2026 को 'सहारनपुर' (उत्तर प्रदेश) में एक एजेंट द्वारा विदेश जाने के इच्छुक युवक को अमरीका पहुंचाने का वायदा करके उससे 60 लाख रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया। शिकायतकर्त्ता के अनुसार पहले उसे दुबई ले जाया गया और वहां से अजरबैजान भेज दिया। 6 जनवरी को 'जम्मू' में 'अनिल किशोर' नामक एक पीड़ित ने एक ट्रैवल एजैंट मां-बेटे के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उसे 'कम्बोडिया' का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर उससे 1.20 लाख रुपए लिए थे परंतु न तो वीजा दिलवाया और न ही रकम वापस की गई।




6 जनवरी को ही 'नवादा' (बिहार) में 'एजाजुल हसन' नामक युवक ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 1 लाख 30 हजार रुपए ठगने के आरोप में ठग ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

6 जनवरी को ही 'फतेहपुर' (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 1.40 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक ठग ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया गया। 7 जनवरी को 'हमीरपुर' (हिमाचल प्रदेश) के भोरंज में विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया। आरोप है कि बोगस ठग ट्रैवल एजैंट ने उक्त युवक को 'थाईलैंड' में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर वहां भेजने की बजाय 'म्यांमार' भेज दिया।

7 जनवरी को ही एक व्यक्ति ने 'चंडीगढ़' के सैक्टर 17 थाने में 'कनाडा' का वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर उससे 18 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

7 जनवरी को ही 'पंचकूला' (हरियाणा) में 'एंटी इमीग्रेशन फ्राड यूनिट' ने शिकायतकर्ता को स्टडी वीजा दिलाने का झांसा देकर उससे 13 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक बोगस ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया।

7 जनवरी को ही 'कौशाम्बी' (उत्तर प्रदेश) में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के बहाने उससे 60,000 रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने एक ठग ट्रैवल एजेंट के विरुद्ध केस दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा और अपने पैसे वापस मांगने पर गंभीर परिणामों की धमकियां देनी शुरू कर दीं।

7 जनवरी को ही 'प्रयागराज' (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को 'सऊदी अरब' में नौकरी दिलवाने के बहाने एक ट्रैवल एजैंट द्वारा उससे 1.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया। आरोपी ने न तो उसे वीजा दिलवाया और न ही नौकरी दिलवाई तथा बाद में उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया।

7 जनवरी को ही 'गोपालगंज' (बिहार) में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छापेमारी करके विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी ट्रैवल एजेंट 'मृत्युंजय सिंह' को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 349 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए।

ये तो सिर्फ चंद घटनाओं की बानगी है आजकल रोजाना सैकड़ों युवाओं से विदेश में पढ़ाई रोजगार के नाम पर ठगी का बड़ा धंधा चल रहा है ऐसी घटनाओं के दृष्टिगत जरूरी है कि विदेश जाने के इच्छुक लोग पहले संबंधित कम्पनी, एजेंट और दस्तावेजों की पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें और केवल अधिकृत एवं पंजीकृत एजेंटों के माध्यमों से ही विदेश जाएं। इमीग्रेशन नियमों में हो रही सख्ती और बिगड़ रही अर्थव्यवस्था के कारण वैसे भी विदेश में बसना मुश्किल हो गया है। कनाडा और अमरीका के अलावा यूरोप में भी इमीग्रेशन कानून सख्त हो रहे हैं।

अतः जितनी रकम माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने पर खर्च करते हैं, उतनी ही रकम भारत में खर्च करके वे अपने बच्चों को अच्छा कारोबार शुरू करवा दें ताकि वे अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी रोजगार व आय के साधन पैदा करके देश में बेरोजगारी दूर कर सकें। जरा सा असावधानी से न सिर्फ माँ बाप के खून पसीने की कमाई जालसाज हड़प लेंगे वरन विदेश पहुच कर साइबर स्लेवरी के शिकार भी बन सकते हैं वहा हजारों पढे लिखे नौजवान संडास की सफाई और जबरन युद्ध के मैदान मे भी उतार दिए गए हैं जिस कारण उनका सुरक्षित वापस लौटना भी भगवान भरोसे है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### विजेंद्र सिंह नयावास बने एनएसयूआई वैर ब्लॉक उपाध्यक्ष

**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर सांसद एवं मध्य प्रदेश सह-प्रभारी संजना जाटव,करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव,राजस्थान प्रभारी अखिलेश यादव, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़, सम्भाग प्रभारी रोहिताश मीणा, राजस्थान प्रदेश सचिव अमित कुमार पिंगोरिया के दिशा निर्देश अनुसार भरतपुर जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह सांखला ने जिले में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विजेंद्र सिंह नयाबास को एनएसयूआई का वैर ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।



इस मौके पर विजेंद्र सिंह नयाबास ने कांग्रेस पार्टी एवं एनएसयूआई प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी के विश्वास और मार्गदर्शन से संगठन में नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए, हर छात्र की आवाज को मजबूती से उठाने, तथा एनएसयूआई की विचारधारा, अनुशासन और संगठन के प्रति निष्ठा रखते हुए छात्र हित में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प निभाऊंगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** नदबई मतदाता परिक्षण प्रक्रिया में निमयों की अनेदखी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के बीच एसडीएम को ज्ञापन दिया। वहीं, प्रदेश में निर्वाचन आयोग के नियमों की अवेहलना करते हुए एक राजनीतिक दल को लाभान्वित करते हुए अधिक फॉर्म ६ व ७ आवेदन जमा करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि, व्यक्तिगत मतदाता सिर्फ एक आवेदन व राजनीतिक दल की ओर से प्रतिदिन अधिकतम दस आवेदन जमा कराया जा सकता। लेकिन, प्रदेश में एक राजनीतिक दल की ओर से अधिक आवेदन जमा कराए जा रहे। बाद में एसडीएम सचिन यादव ने नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रशान्त उपाध्याय, प्रभाव चौधरी, अनुभव शर्मा, तेजपाल जाटव, गिरीश जौहरी, ज्वालादत्त आदि मौजूद रहे।

### सुलेमान खान बने एनएसयूआई वैर ब्लॉक उपाध्यक्ष

**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर सांसद एवं मध्य प्रदेश सह-प्रभारी संजना जाटव,करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव,राजस्थान प्रभारी अखिलेश यादव, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़, सम्भाग प्रभारी रोहिताश मीणा, राजस्थान प्रदेश सचिव अमित कुमार पिंगोरिया के दिशा निर्देश अनुसार भरतपुर जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह सांखला ने जिले में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुलेमान खान को एनएसयूआई का वैर ब्लाॅक उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।



इस मौके पर सुलेमान खान ने कांग्रेस पार्टी एवं एनएसयूआई प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी के विश्वास और मार्गदर्शन से संगठन में नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए, हर छात्र की आवाज को मजबूती से उठाने, तथा एनएसयूआई की विचारधारा, अनुशासन और संगठन के प्रति निष्ठा रखते हुए। छात्र हित में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प निभाऊंगा।

### 94.80 की लागत से होगा सड़कों के नवीनीकरण कार्य

- **पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री और सानिवि मंत्री का आभार**

**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/चौमूं।** सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के मुख्य अभियंता (सड़क) ने विधानसभा क्षेत्र चौमूं के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए 'अतिरिक्त सड़क मरम्मत कार्यक्रम' के तहत 94.80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। क्षेत्र के लिए 94.80 लाख रुपयों की स्वीकृति जारी करने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। मुख्य अभियंता द्वारा जारी आदेश के अनुसार तीन मुख्य ग्रामीण सड़कों का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। जिनमें एन एच-11 लोहरवाड़ा से मलिकपुर सड़क 2.00 किमी के लिए 40.00 लाख, हाथनोदा से भोपावास सड़क 1.45 किमी के लिए 29.00 लाख और हस्तेड़ाझ्रकालाडेरा रोड से खन्नीपुरा सड़क 1.29 किमी के लिए 25.80 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सड़कों के नवीनीकरण के लिए 94.80 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। उक्त सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।



जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी शासन सचिव को लिखा पत्र

# राज्य के विरुद्ध निर्णय पारित करने के संबंध में जिला कलक्टर ने सक्षम न्यायालय में अपील दायर करने के दिये निर्देश

चमकता राजस्थान

**डीडवाना-कुचामन।** यह है कि ग्राम सीतापुर के खसरा सं. 1187/761 रकबा 0.5680 हेक्टेयर, खसरा सं. 1183/752 रकबा 0.6282 हेक्टेयर, खसरा सं. 1185/760 रकबा 2.0967 हेक्टेयर की भूमि किस्म कृषि का अकृषि (आवासीय कॉलोनी) के रूप में उपयोग करने पर तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी में याद सं. 151/2024, 152/2024 व 153/2024 दायर किया गया। जिसका बाद सुनवाई उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी द्वारा दिनांक 27.03.2025 को राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित किया गया।

यह है कि ग्राम आनन्दपुरा के खसरा सं. 176 रकबा 0.67 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकिन रास्ता में से 0.17 हेक्टेयर की खातेदारी प्राप्त करने हेतु प्रार्थिया मोहरीदेवी पत्नि आईदान जाति जाट निवासी आनन्दपुरा द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी में वाद सं. 11/2025 अनवान मोहरीदेवी बनाम राज्य सरकार दायर किया गया। जिसका बाद सुनवाई उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी द्वारा दिनांक 22.06.2017 को राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित करते हुए खसरा सं. 176 रकबा 0.67 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकिन रास्ता में से 0.17 हेक्टेयर खातेदारी के अधिकार प्रदान कर राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित किया गया। जिसके विरूद्ध तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी नागौर में अपील सं. 203/2017/223/ कुचामनसिटी दायर की गई. जो बाद सुनवाई न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी नागौर द्वारा दिनांक 19.02.2020 को खारिज कर राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित किया गया।

यह है कि कस्बा कुचामनसिटी के खसरा सं. 616 रकबा 442.09 बीघा की खातेदारी श्री मंत्री गौशाला कुचामनसिटी के सम्बन्ध में तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर कुचामनसिटी में रेफरेन्स सं. 19/2023 दायर किया गया, में बाद सुनवाई न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर कुचामनसिटी द्वारा दिनांक 09.09.2025 को खारिज कर राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित किया गया।

यह है कि उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी के द्वारा राजस्य वाद सं० 93/2019 (पुराना) वाद सं० 248/2023 (नया) निर्णय दिनांक 14.11.2025 के द्वारा ग्राम मण्डावरा के राजकीय खाता सं० 01 खसरा सं० 668/228 रकबा 0.1977 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय भूमि को मृतक खातेदार के विधिक वारिसों की जांच कर भूमि पुनः खातेदारी में दर्ज किये जाने के आदेश पारित किये गये। जो राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित किया गया।

यह है कि ग्राम जालमपुरा तहसील परबतसर के खसरा सं. 242 रकबा 54.19 बीघा वक्त सेटलमेंट सम्वत 2005 की मिसल बंदोबस्त में डोली बनाम मन्दिर श्री रघुनाथजी महाराज वाके ऐतमाम पुजारी पुसादास वल्द अर्जुनदास 1/2, धनदास गणेश पि. रामधनदास 1/2, कौम साद डोलीदार खातेदार दर्ज होने से उक्त प्रकरण में संबंधित तहसीलदार परबतसर को नियमानुसार रेफरेन्स की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त समस्त निर्णय राज्य सरकार के विरूद्ध पारित किये जाने के कारण तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रकरण में अपील के संबंध में मार्गदर्शन चाहा गया उक्त समस्त प्रकरणों में जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने तहसीलदार कुचामनसिटी को राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णय पारित करने के कारण सक्षम न्यायालय में अपील दायर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवशयक कार्यवाही हेतु श्रीमान शासन सचिव राजस्व विभाग जयपुर को निवेदन किया गया।

## कामां में विकास रथ यात्रा के वादे अधूरे, वार्ड नंबर 7 के लोग आज भी पानी को तरसे

चमकता राजस्थान

**मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग। कामां (डीग)।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक नौक्षम चौधरी की विकास रथ यात्रा के दौरान 26 दिसंबर 2025 को कामां के वार्ड नंबर 7 के निवासियों ने पेयजल संकट की गंभीर समस्या को लेकर विधायक से शिकायत की थी। लोगों ने बताया था कि उनके मोहल्ले में लंबे समय से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

शिकायत के तुरंत बाद विधायक नौक्षम चौधरी ने जलदाय विभाग के अएठ को फोन कर तत्काल प्रभाव से पानी देने के निर्देश दिए। विधायक के इस कदम से संतुष्ट होकर मोहल्लेवासियों ने उनका स्वागत व सम्मान भी किया। लेकिन सवाल यह है कि–

इतने स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आज तक वार्ड नंबर 7 में पानी क्यों नहीं पहुंचा?

शिकायत को 20 दिन बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। स्थानीय लोग आज भी अएठ कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं और हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।



अब जनता विधायक से सीधे सवाल पूछ रही है–

जब आपने 26 दिसंबर 2025 को मौके पर ही अएठ को पानी देने के निर्देश दिए थे, तो उन निर्देशों का पालन क्यों नहीं हुआ?

क्या अधिकारियों द्वारा आपके आदेशों की अनदेखी की जा रही है? यदि हां, तो अब तक उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

विकास रथ यात्रा के दौरान किए गए वादे सिर्फ मंच तक ही सीमित क्यों रह जाते हैं?

क्या वार्ड नंबर 7 के लोग बुनियादी सुविधा पानी के हकदार नहीं हैं?

आखिर कब तक आम जनता पानी जैसी जरूरत के लिए दफ्तरों के चक्कर काटती रहेगी?

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पानी के बिना जीवन दूभर हो चुका है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं। विधायक के आश्वासन के बाद भी समाधान न होना जनप्रतिनिधि और प्रशासन दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

अब वार्ड नंबर 7 के लोग विधायक नौक्षम चौधरी से जवाब चाहते हैं कि आखिर उनके क्षेत्र में पानी कब आएगा?

यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

यह मामला सिर्फ एक वार्ड का नहीं, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच भरोसे का सवाल बन चुका है।

### निर्वाचन साक्षरता क्लब की बैठक में भावी व वर्तमान मतदाताओं दी विभिन्न जानकारी



**चमकता राजस्थान/सूरज मल वैष्णव/बौली।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाखनपुर के माध्यमिक हरि ओ३म पब्लिक स्कूल में ईएलसी क्लब (निर्वाचन साक्षरता क्लब) की बैठक हनुमान प्रसाद मीना बूथ लेवल अधिकारी खोहरी व प्रधानाध्यापक राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय खेड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें बूथ लेवल अधिकारी ने छात्रों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पत्र प्रपत्र 6 भरने,मतदाता सूची में नाम शुद्धिकरण करवाने, पता बदलवाने , मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए आवशयक प्रपत्रों, दस्तावेजों की जानकारी दी ।साथ ही एसआईआर(विशेष गहन पुनरीक्षण)के बारे में बताया कि इसमें मतदाताओं की जानकारी ली जा रही है कि कोई मतदाता फर्जी तो नहीं है या किसी मतदाता का दो जगह मतदाता सूची में नाम तो नहीं है और कोई मतदाता कई वर्षों पहले मृत हो गया है और अभी भी उसका नाम मतदाता सूची में नाम चल रहा है आदि विभिन्न प्रकार की जानकारी की जा रही है । विद्यालय के ईएलसी प्रभारी सूरज मल वैष्णव ने विद्यालयों में ईएलसी क्लब के गठन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से भावी व वर्तमान मतदाताओं को मतदान संबंधित विभिन्न प्रकार से मतदाताओं को जागरूक किया जाता है। ईएलसी क्लब की चेयरमेन कक्षा 9 की छात्रा गीत कंवर व वाइस चेयरमैन कक्षा 10 के छात्र गोविंद वर्मा ने जुलाई से दिसम्बर 2025 तक मासिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बूथ लेवल अधिकारी मीना ने छात्रों की गतिविधियों से प्रभावित होकर कक्षा 10 व 8वीं के सभी छात्र /छात्राओंको एक एक बाल पेन पारितोषिक के रूप में प्रदान किया । संस्थाप्रधान राजवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अंश और अंशिका के मिलने से धुर्वा में खुशी की लहर



**चमकता राजस्थान/अरुण कुमार/रांची।** रांची, धुर्वा थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर से लगभग 12 दिनों से लापता अंश कुमार (5) वर्ष और उनकी बहन अंशिका कुमारी (4)को बुधवार सुबह रांची पुलिस ने रामगढ़ के अहमदनगर स्थित एक घर से बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों के अपहरण के मुख्य आरोपी नव खेरवाड़ उर्फ सूर्या(24) और उसकी पत्नी सोनी कुमारी(20) को गिरफ्तार कर लिया है नव खेरवाड़ बिहार के औरंगाबाद के बारून का निवासी है, जबकि सोनी कुमारी रामगढ़ के कोठार की रहने वाली है। यह दोनों धुर्वा के शालीमार बाजार में गुब्बारे बेचने का काम किया करते थे इधर अंश-अंशिका के मिलने से उनके पिता -सुनील ने बताया कि हम सभी अब काफी खुश है मैं क्षेत्र के सामाजिक संगठनों के लोगों को, पुलिस प्रशासन को और मीडिया से जुड़े लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इन लोगों के मेहनत से ही मेरा 12 दिनों से खोया हुआ बच्चा वापस मिल पाया है इस खुशी में इस क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके घर के पास नाच गाना भी किया तथा सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था का प्रावधान किया गया था आज के उनके घर पर सुबह से ही कैलाश यादव, बिंदु सिंह, उर्मिला देवी, राष्ट्रीय मानवाधिकार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष- अरुण कुमार, राधेशयाम कुमार, बिनेस यादव, बबन यादव, राहुल, सुचिता रानी सिंह,उमेश यादव, मनोज शर्मा, गौरी शंकर यादव, मानवाधिकार संगठन के जगन्नाथ साहू, बीरेंद्र यादव के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे

## बीछीवाड़ा हाईवे पर दहशत का माहोल वाहन पर पथराव की घटना सामने आई

### वरनौती परिवार पर पथराव बाल-बाल बचे सलूंबर मकर संक्रांति का पर्व मनाकर गुजरात से लौट रहे

चमकता राजस्थान

सेमारी। सलूंबर जिले के वरनौती परिवार पर पथराव बाल-बाल बचे सलूंबर मकर संक्रांति का पर्व मनाकर गुजरात से लौट रहे सलूंबर के सालवी मोहल्ला निवासी एक परिवार पर नेशनल हाईवे (बीछीवाड़ा) पर असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया हमले में गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई लेकिन भारी पत्थर गिरने से गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया के सलूंबर के सालवी मोहल्ला निवासी प्रवीण वरनौती उनकी पत्नी मीना कुमारी सालवी और उनके दो पुत्र प्रतीक व कविस वरनौती मकर संक्रांति की छुट्टियां मनाने अहमदाबाद गए थे गुरुवार रात्रि को जब परिवार अपनी कार से वापस सलूंबर लौट रहा था तभी बीछीवाड़ा हाईवे के पास अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात असामाजिक तत्वों ने उनकी चलती गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया।

#### 20 किलो वजनी पत्थर से हमला

पीड़ित परिवार ने बताया कि हमला काफी खतरनाक था बदमाशों ने गाड़ी के बोनट पर लगभग 20 किलो वजनी पत्थर फेंका पत्थर सीधे बोनट पर गिरा जिससे एक जोरदार धमाका हुआ और गाड़ी का बोनट पिचक गया यदि यह पत्थर बोनट की जगह सीधा विंडस्क्रीन (कांच) पर लगता तो चालक सहित परिवार के सदस्यों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता था दहशत में परिवार अचानक हुए इस हमले से गाड़ी में मौजूद बच्चे और महिलाएं बुरी तरह सहम गए प्रवीण वरनौती ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और सुरक्षित स्थान पर पहुंचे हाईवे पर इस तरह की पत्थरबाजी की घटनाओं ने यात्रियों की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं यह बेहद डरावना अनुभव था हम परिवार के साथ वापस लौट रहे थे और अचानक एक भारी भरकम पत्थर हमारी गाड़ी पर गिरा भगवान का शुक्र है कि हम सब सुरक्षित हैं प्रवीण वरनौती (पीड़ित) सुरक्षा पर सवाल हाईवे पर देर रात होने वाली ऐसी पत्थरबाजी की घटनाएं लूट के इरादे से भी की जाती हैं स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बीछीवाड़ा मार्ग पर रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

25 जनवरी को चौमूं की केशव बस्ती में होगा भव्य आयोजन, 1100 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

## विराट हिंदू सम्मेलन की सफलता के लिए गढ़ गणेश को दिया निमंत्रण, गूंजे जयकारे

चमकता राजस्थान

**संदीप कुमावत/ चौमूं।** नगर की केशव बस्ती में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 'विराट हिंदू सम्मेलन' की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम की निर्विघ्न संपन्नता और सफलता की कामना को लेकर गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भगवान गणेश को पीले चावल अर्पित कर सम्मेलन का निमंत्रण दिया भक्तिमय माहौल में निकली निमंत्रण यात्रा।व्यवस्था प्रमुख शंकर जिंदल ने बताया कि गुरुवार सुबह बालिका आदर्श विद्या मंदिर से केशव बस्ती के समाज बंधु और मातृशक्ति ढोल-नगाड़ों की थाप और भगवान गणेश के जयकारों के साथ एकत्रित हुए। यहाँ से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पैदल चलकर प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर पहुँचे और भगवान गजानन को विधिवत निमंत्रण पत्र सौंपा। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने नगर के आराध्य देव लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में भी मत्था टेका और कार्यक्रम की सफलता की प्रार्थना की। साथ ही समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 25 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।



इस सम्मेलन के मुख्य आकर्षण निम्नलिखित रहेंगे

परिवार सम्मान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' के सिद्धांतों के आधार पर केशव बस्ती के परिवारों का सम्मान किया जाएगा। मातृशक्ति के आ''ान पर बस्ती की 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा और शौर्य यात्रा निकाली जाएगी।इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेश सैनी, मंत्री अटल मेठी, पुरुषोत्तम शर्मा, राधेश्याम शर्मा बाग वाले, राजेंद्र गुलिया, गंगासागर सैनी, रामकुमार योगी, अजय सैनी, निखिल सैनी, कांता मेठी, दिनेश जिंदल, पृथ्वीराज, विष्णु बालेश्वर, रवि सैनी, कृष्णा अवतार, नीलकमल, आशा शर्मा, सुरेश, कन्हैया लाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राकृतिक एवं जैविक फार्म 'सावी एग्रो वेंचर' का कलेक्टर द्वारा अवलोकन

चमकता राजस्थान



**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा विकासखंड भगवानपुरा के ग्राम भातुड़ स्थित सावी एग्रो फार्म का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। यह फार्म कृषक अविनाश सिंह दांगी द्वारा 55 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है जहां वर्ष 2009 से प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जा रही है।निरीक्षण के दौरान कृषक दांगी ने कलेक्टर सुश्री मित्तल को अपने खेत में लगी विभिन्न सब्जी फसलों ब्रोकली लाल मूली पत्तागोभी फूलगोभी भरते का बैंगन प्याज लौकी धनिया मिर्च चुकंदर टमाटर मेथी, पालक आदि–का अवलोकन कराया। साथ ही 10 एकड़ क्षेत्र में लगी देशी अरहर की फसल की जानकारी दी। पपीता फसल के साथ अंतरवर्तीय खेती के रूप में प्याज बालौर चवला एवं मेथी की फसलों का भी प्रदर्शन किया गया।कृषक के फार्म में चार वर्ष पूर्व 2.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित मल्टी लेयर फ्रूट फॉरेस्ट मॉडल का भी अवलोकन कराया गया, जिसमें 32 प्रकार के फलदार पौधे एवं 12 प्रकार की सब्जियां लगी हुई हैं। विशेष रूप से सेव (एप्पल) के पौधों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रबी फसलों में देशी बीजों से उत्पादित बंशी गेहूं सोना मोती गेहूं, खपली गेहूं के साथ काबुली चना देशी चना एवं हरे चने की फसलों का भी अवलोकन किया गया।इस अवसर पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती विशेषज्ञ पीएस बार्चे (सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी) द्वारा प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैविक कीटनाशकों अग्नि अस्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की तैयारी विधि की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ये जैविक घोल गौमूत्र नीम अकाव धतूरा सीताफल बेलपत्र करंज अरंडी पपीता तथा हरी मिर्च-लहसुन की चटनी से तैयार किए जाते हैं।फार्म हाउस में 45 50 गोवंश कुक्कुट पालन सहित एकीकृत कृषि गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अविनाश सिंह दांगी द्वारा विकसित इस सफल प्राकृतिक एवं जैविक खेती मॉडल को अन्य कृषकों को भी दिखाया जाए ताकि वे प्रेरित होकर इस प्रकार की खेती अपनाएं।इस दौरान उप संचालक कृषि शिवसिंह राजपूत उप संचालक उद्यानिकी केके गिरवाल परियोजना संचालक आत्मा एमएस कनाश सहायक संचालक कृषि प्रकाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुरः प्रधान डाकघर में अब 24×7 पार्सल और स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविधा शुरू

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जिले के नागरिकों और व्यापारिक जगत के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है, जहां पंजाब होटल के समीप स्थित प्रधान डाकघर में अब पार्सल और स्पीड पोस्ट की बुकिंग सुविधा को 24 घंटे और सातों दिन (24×7) के लिए चालू कर दिया गया है। सहारनपुर मंडल के अधीक्षक डाक ईसम सिंह ने इस पहल की घोषणा करते हुए बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य अपनी सेवाओं को आधुनिक और पूरी तरह जनोपयोगी बनाना है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब व्यापारियों, औद्योगिक संस्थानों और आम जनता को डाक बुक करने के लिए कार्यालय के पारंपरिक समय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि वे अपनी सुविधानुसार रात हो या दिन, कभी भी अपनी डाक भेज सकेंगे। स्थानीय उद्यमियों, विशेषकर लकड़ी के नक्काशी उद्योग से जुड़े निर्यातकों ने इस निर्णय का पुरजोर स्वागत किया है, क्योंकि इससे उनके शिपमेंट में लगने वाला समय बचेगा और व्यापारिक दक्षता में सुधार होगा। डाक विभाग का यह कदम सहारनपुर को आधुनिक लॉजिस्टिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

### तिलावते कुरआन के साथ हुआ वार्षिकोत्सव का आगाज़ सर सैय्यद कान्वेंट मिडील स्कूल चमकता राजस्थान



**खरगोन।** तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव व दीनी जलसे का आगाज़ तिलावते कुरआन से हुआ जिसमें स्कूल के बच्चों ने सुरहफतहा पढ़ कर तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव की शुरुआत हुई जिसमें पहले दिन स्कूल की बच्चीयों के लिए व्यंजन प्रतिस्पर्धा हुई कक्षा छटी सातवीं आठवीं की बालिकाएं अलग अलग व्यंजन घर से अपने माता-पिता के सहयोग व्यंजन बना कर लाई थी इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पत्रकार रफीक मंसुरी ने बच्चों के व्यंजनों को टेस्ट कर प्रथम और द्वितीय पूरस्कार वितरण कीया और बच्चों को प्रथम द्वितीय आने पर बधाई देते हुए उन्हें कहा कि जो तृतीय और द्वितीय स्थान पर आने वालें बच्चों को प्रोत्साहित किया इस अवसर पर स्कूल संचालक आवेश खान स्कूल हेडमास्टर शबीना शेख सायरा सैय्यद यास्मीन खान रियाज़ अंसारी अक्सा खान विजय गांगले खूश्बू शेख आयशा खान आदि शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद रहे।

### पाटोदी क्षेत्र में अवैध औद्योगिक इकाइयों पर प्रदूषण मंडल-राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही



**चमकता राजस्थान/बालोतरा (असरफ मारोठी)।** बालोतरा जिला अंतर्गत पाटोदी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (आरएसपीसीबी) और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़नावा जागीर और नयापुरा गांव के आसपास कई ऐसी अवैध इकाइयों को पीला पंजा चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई पर्यावरण नियमों का घोर उल्लंघन करने वाली इन अवैध इकाइयों के खिलाफ लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के बाद की गई यह अवैध ईकाईयां स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खतरा बन चुकी थीं। गठित संयुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह अभियान शुरू करने के दौरान अवैध इकाइयों को चिन्हित कर उन्हें जमींदोज कर दिया। इन इकाइयों पर बिना अनुमति के संचालन, अपशिष्ट पदार्थों का अनियंत्रित निपटान और प्रदूषण मानकों की अनदेखी के आरोप थे। कार्रवाई के दौरान पाटोदी तहसीलदार रुस्तम खान, विकास अधिकारी चूनाराम बिश्नोई और राजस्व अधिकारी (आरओ) दीपक तंवर मौके पर उपस्थित रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने और अभियान को बिना किसी बाधा के पूरा करने के लिए स्थानीय पुलिस बल को भी तैनात किया गया था, जिसके चलते कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

### अन्नामादेवी सेवा समिति एवं जैन समाज द्वारा पोंगल पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**चमकता राजस्थान/डॉ संजय जोशी/बेंगलूरु।** अन्नामादेवी सेवा समिति एवं जैन समाज की ओर से पोंगल पर्व यहां पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की बहनों ने अलग-अलग चूल्हों पर हांडी रखकर दूध एवं गुड़ से पोंगल बनाया। पूरे मार्ग को गन्नों और रंगोलियों से सजाया गया, जो अत्यंत मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बाबूलाल रांका एवं मदनलाल पिरगल द्वारा किया गया। इस अवसर पर रमेश सिसोदिया, धीरेंद्र सिंघी, शांतिलाल भंडारी, सुनील लोढ़ा, भवरलाल भंडारी, अशोक चोरड़िया, प्रकाश पिरगल, किशोर सोलंकी सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

समिति की ओर से कमल कुमार एवं अंबेडकर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## सांसद दुष्यंत सिंह की पदयात्रा का दूसरा दिन, गांव-गांव पहुंचकर सुनीं जन समस्याएं

चमकता राजस्थान



**उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धनसिंह।** गंगधार सांसद दुष्यंत सिंह की पदयात्रा शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान वे उन्हेल मंडल के सरवर, कछनारा, चोरबर्डी, सेंकला, ढाबला और सुनारी गांवों में पहुंचे। सुबह मक्सी गांव में लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं, इसके बाद पदयात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर जन संवाद किया।

ग्राम पंचायत रामपुरा में सरपंच प्रतिनिधि चैन सिंह और युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमराज सिंह के नेतृत्व में सांसद का स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में एंबुलेंस सुविधा बढ़ाने, कालीसिंध नदी पर जल्द बांध निर्माण, 10 घंटे थ्री-फेज बिजली आपूर्ति, मूल गांव से दूर सरकारी चारागाह भूमि पर बसे लोगों को आवासीय पट्टे देने, लाखाखेड़ी परमार में डामर सड़क निर्माण, मुआवजा भुगतान और चाचूनी नदी पर बड़े पुल के निर्माण की मांग रखी। सांसद दुष्यंत सिंह ने मौके पर मौजूद जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर समस्याओं के शीघ्र समाधान और लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

पदयात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, मंत्री गौतम जैन, उन्हेल मंडल अध्यक्ष हेमराज सिंह, चौमहला मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी, डग मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मिश्रौली मंडल अध्यक्ष मांगू सिंह, भवानीमंडी प्रधान सुल्तान सिंह, गोविंद सिंह सिलेगड़ उन्हेल मंडल उपाध्यक्ष श्रवण सिंह टिगरिया शंकर सिंह बना, दिलीप मोरी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता साथ चले।

## संयुक्त व्यापार मंडल ने किया मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा का भव्य अभिनंदन



**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/चौमूं।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री रामलाल शर्मा को मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के व्यापारियों और कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इस उपलक्ष्य में आज संयुक्त व्यापार मंडल के तत्वाधान में एक भव्य स्वागत व सत्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक व नवनियुक्त मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर और पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी जाहिर की और शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।सम्मान समारोह में संयुक्त व्यापार मंडल के विभिन्न अध्यक्षों सहित कई गणमान्य व्यापारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। कैलाश जी बजाज, मनोज जी जांगिड़, पवन कुमार सैनी, महेंद्र जी विजय, कानाराम जी सैनी,अमित सैनी, महेश जी जैन, अशोक जी सिंगोदिया,मोहनलाल तंवर,कैलाश जी, सामरवाल,दिनेश जी, मनीष जी गोयल सहित अन्य व्यापारी और मंडल के पदाधिकारी शामिल थे।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि रामलाल शर्मा की नियुक्ति से न केवल पार्टी को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की समस्याओं और व्यापारिक हितों को भी प्रदेश स्तर पर प्रखरता से आवाज मिलेगी। रामलाल शर्मा ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

### श्री सीमेंट ने जैतारन में शुरू की आरएएस युनिट 11, एशिया के सबसे बड़े सिंगल लोकेशन सीमेंट प्लांट्स में से एक में बढ़ाई क्षमता

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** श्री सीमेंट लिमिटेड ने राजस्थान के जैतारन स्थित अपनी इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग युनिट में आरएएस युनिट-11 की शुरूआत की घोषणा की है। इस नई युनिट से 3.65 एमटीपीए क्लिकर क्षमता और 3.0 एमटीपीए सीमेंट क्षमता शामिल हो गई है, जिससे श्री सीमेंट की सबसे बड़ी एवं सबसे आधुनिक मैनुफैक्चरिंग कॉम्पलेक्स और एशिया की सबसे बड़ी सिंगल-लोकेशन सीमेंट युनिट्स में से एक- यह सुविधा और भी मजबूत हो जाएगी।

फुली इंटीग्रेटेड युनिट के रूप में डिज़ाइन की गई आरएएस युनिट-11 एक ही साईट पर प्लांट की क्लिकराइज़ेशन एवं ग्राइंडिंग क्षमता को बढ़ाएगी तथा उत्तर भारत के मुख्य बाज़ारों के लिए प्रभावी एवं भरोसेमंद आपूर्ति में सहयोग प्रदान करेगी। नई युनिट की शुरूआत से भारत में श्री सीमेंट की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़कर 65.8 एमटीपीए पर पहुंच गई है, तथा बड़े पैमाने के सीमेंट निर्माण के लिए कंपनी की स्थिति और मजबूत हुई है।

आरएएस युनिट-11 को आधुनिक ऑटोमेशन एवं प्लांट के आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का समर्थन प्राप्त है, जिसमें फाइफर रॉ एंड कोल मिल्स, डीनॉक्स सिस्टम एवं 6-स्टेज के प्रीहीटर से युक्त एफएलस्मिड्थ किल्न तथा इंटरमीडिएट एचआरबी (हैवी-ड्यूटी रोलर ब्रेकर) से युक्त एफएलस्मिड्थ क्रॉस बारो कूलर शामिल हैं। सस्टेनेबिलिटी की दिशा में श्री सीमेंट लिमिटेड के लक्ष्यों के अनुरूप वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल और 22 मेगावॉट के हीट रिकवरी सिस्टम से ऊर्जा दक्षता को मजबूत बनाया गया है।

इस उपलब्धि पर बात करते हुए नीरज अखौरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट लिमिटेड ने कहा, ''आरएएस युनिट-11 अनुशासन के साथ क्षमता विस्तार तथा संसाधनां के ज़िम्मेदाराना उपयोग पर हमारे निरंतर फोकस को दर्शाती है। इसके अलावा हमारे संचालन एवं लॉजिस्टिक्स में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से दक्षता एवं लागत अनुकूलन में भी बढ़ोतरी हुई है।'

खनन में दीर्घकालिक सुरक्षा, एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त गुणवत्ता प्रणाली, बेहद कुशल कार्यस्थल और बेहतर क्षमता के साथ श्री सीमेंट बुनियादी सुविधाओं के विकास को बढ़ावा देने तथा उत्तर भारत के उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ई-उपहार योजना के तहत नागौर मंडी में निकाली गई कूपनों की लॉटरी



**चमकता राजस्थान/नागौर(प्रदीप कुमार डागा)।** राज्य में कृषि विपणन विभाग द्वारा किसानों के हितार्थ कृषि उपज मंडी समितियों के माध्यम से कृषक उपहार योजना 2025-26 संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत किसानों को मंडी समिति में संचालित ई-नाम परियोजना के माध्यम से अपनी कृषि उपज का विक्रय करने एवं ई-भुगतान प्राप्त करने पर निशुल्क ई-उपहार कूपन जारी किए जा रहे हैं। इस क्रम में 16 जनवरी 2026 को नागौर कृषि उपज मंडी समिति में ई-उपहार कूपनों की लॉटरी मंडी स्तर पर गठित समिति के समक्ष निकाली गई।

लॉटरी प्रक्रिया के अंतर्गत सर्वप्रथम गेट पास की विक्रय पर्चियों पर ई-नाम सॉफ्टवेयर के माध्यम से जारी 22058 कूपनों में से व्यापारी, कृषक एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राज किसान पोर्टल पर ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई। इसमें प्रथम पुरस्कार 25000 रुपये के विजेता पुरुखाराम ग्राम चिताणा तहसील नोखा जिला बीकानेर, द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपये के विजेता किशनाराम ग्राम रनेरी तहसील बाप जिला जोधपुर तथा तृतीय पुरस्कार 10000 रुपये के विजेता मदनलाल ग्राम वापनी तहसील ओसियां जिला जोधपुर रहे।

इसी प्रकार ई-भुगतान की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों की लॉटरी में 379 कूपनों में से राज किसान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई। इसमें प्रथम पुरस्कार 25000 रुपये के विजेता सुखराम ग्राम फिड़ौद तहसील मुंडवा नागौर, द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपये के विजेता रामप्रकाश जाखड़ ग्राम रोल नागौर तथा तृतीय पुरस्कार 10000 रुपये के विजेता ओमप्रकाश ग्राम बेराथल कला तहसील खींवसर जिला नागौर रहे।

कार्यक्रम मैं सरकार द्वारा गठित समिति के प्रशासक अरविंद जाखड़ एवं नागौर उपज मंडी के सचिव रघुनाथ सहित व्यापार मंडल के सदस्य उपस्थित रहे ।

### नागौर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने की प्रेसवार्ता

- **जायल में बड़ी कार्रवाईः स्मैक और अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार**
- **7 लाख की अफीम-स्मैक बरामद**



**चमकता राजस्थान/नागौर(प्रदीप कुमार डागा)।** नागौर में ऑपरेशन नीलकंठ के तहत नशे के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ किया गया है। जायल पुलिस और डीएसटी टीम ने रोटू गांव में दबिश देकर 25 हजार के इनामी तस्कर और उसके साथी को पकड़ा। साथ ही 7 लाख की अफीम और स्मैक बरामद की।

- **जायल में बड़ी कार्रवाईः स्मैक और अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार**

नागौर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात पत्रकारों को कहा कि ऑपरेशन नीलकंठ के तहत जायल पुलिस और डीएसटी टीम ने ग्राम रोटू में दबिश देकर नशे के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने गोपाल विश्नोई और राकेश ज्याणी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 164.20 ग्राम अफीम और 30.720 ग्राम स्मैक बरामद की। जब्त मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कॉर्पियो गाड़ी और नशा तौलने के लिए प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी जब्त किया है। इसी कड़ी में मूण्डवा पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए एमडी सप्लायर गिरोह के 4 सदस्यों को दबोचा है।

## दादा गुरु देव जिनदत्तसूरि का संक्षिप्त जीवन परिचय



(नागौर प्रदीप कुमार डागा की कलम से)

चमकता राजस्थान/जैन धर्म के वर्तमान काल के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने केवलज्ञान प्राप्त होने के पश्चात, चतुर्विध संघ साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका की स्थापना की। महावीर स्वामी के मोक्ष पधारने के पश्चात संघ संचालन गणधर सुधर्मा स्वामीजी ने किया, सुधर्मा स्वामी की पाट परम्परा में श्री जिनदत्तसूरि 41 वें आचार्य बनें, और पहले दादा गुरुदेव के नाम से प्रसिद्ध हुए। श्री जिनदत्तसूरि जी का जन्म विक्रम संवत 1132 में धवलक्कपुर-धोलका में मंत्री वाछिगसा के गृहांगन में माता वाहडदेवी की रत्न कुक्षि से हुआ। माता ने स्वप्न में चंद्रमा देखा फलस्वरूप बालक का नाम सोमचंद्र रखा गया। सोमचंद्र बचपन से ही बहुत प्रज्ञावान एवं वैराग्यवान थे। विक्रम संवत 1141 में नव वर्ष की आयु में ही धर्मदेव उपाध्याय के द्वारा दीक्षित हुए और विक्रम संवत 1169 वैशाख सुदी 1 को आपको चित्तौड़ नगर में विराट जनभेदिनी के समक्ष आचार्य पद से विभूषित किया गया।

- **चमत्कारी चादर एवं वस्त्र**

दादा गुरुदेव श्री जिनदत्तसूरि जी की देह का अग्निसंस्कार किया गया तब एक दिव्य चमत्कार हुआ। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ, कभी नहीं सुना गया। उनकी काया जल गई परंतु उनके द्वारा धारण किए गए वस्त्र नहीं जले। न चादर जली, न चोलपट्टा जला, न मुहंपत्ती जली। यह चमत्कार देखकर लोग विस्मय से भर उठे। तभी देव वाणी हुई झ ये चमत्कारी वस्त्र संघ को सदा सदा संकटों से बचाएगा। दादा जिनदत्तसूरि ने सौधर्म देवलोक के टक्कलक विमान में देवरूप में जन्म लिया है। इतिहास कहता है कि वस्त्र देवशक्ति से पाटण के जैन मंदिर में पहुंचे। कुछ शताब्दियों पश्चात जैसलमेर में महामारी का भीषण प्रकोप हुआ, उस समय राजाज्ञा से दादा गुरुदेव के वस्त्र को पाटण से जैसलमेर लाया गया। उन वस्त्रों से स्पर्शित जल को अभिमंत्रित करके पूरे जैसलमेर नगर में छिड़का गया जिससे महामारी से मुक्ति मिली। तब से गुरुदेव के ये चमत्कारी वस्त्र जैसलमेर के ज्ञान भंडार में सुरक्षित है।

# बाड़ी में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** ब्लाॅक कांग्रेस कमेटी बाड़ी की ओर से मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी एसडीएम बाड़ी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बिना किसी ठोस कारण एवं स्पष्ट विवरण के बड़ी संख्या में एक साथ जमा किए गए फॉर्मों के मामलों में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में मांग की कि एसडीएम कार्यालय में जमा किए गए फॉर्म 6, 7 एवं 8 की संकल्पित सूची उपलब्ध



कराई जाए तथा नियमों के विरुद्ध जमा किए गए, आवेदनों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई या संज्ञान नहीं लिया जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया। कि राजस्थान प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। दिनांक 12 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 12 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित थी। कांग्रेस ने इलेक्ट्रोल मैनुअल 2023 के पैरा 11.3.2 (2) का हवाला देते हुए कहा कि बल्क आवेदन स्वीकार्य नहीं हैं। प्रत्येक मतदाता केवल एक ही फॉर्म दावा या आपत्ति के लिए प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक फॉर्म में मतदाता की संपूर्ण जानकारी, मोबाइल नंबर एवं आवश्यक अंडरटेकिंग का होना अनिवार्य है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नियमों के विपरीत एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म 6 एवं फॉर्म 7 बल्क में प्रस्तुत किए गए, जो भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। कांग्रेस ने ऐसे सभी नियम विरुद्ध फॉर्मों को अमान्य घोषित करने तथा उनकी संकल्पित सूची पार्टी को उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही नियमों के विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, सैंपऊ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष सैफ सईद बाबुल भाई, सैंपऊ नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज, हरि सिंह पहाड़िया, पंचायत समिति सदस्य केशवचंद्र मीणा, एल.एस. यादव, धर्मेंद्र सिंह परमार, नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नासिर खान, जिला सचिव रोशनी शिवहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आदर्श ग्राम की दिशा में कदम : जिले में हर्बल गार्डन विकसित होगा''

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में योजना के उद्देश्यों, क्रियान्वयन एवं विभागीय समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।




जिला कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि ब्यावर जिले में एक बड़े हर्बल गार्डन का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक भूमि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आमजन से आयुर्वेद पद्धति को अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा सरकार की आयुष योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना राजस्थान राज्य की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।बैठक में डॉ. चेतन प्रकाश सेन, सदस्य सचिव एवं सहायक निदेशक, आयुष विभाग ने बताया कि यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट भाषण के बिंदु संख्या 62.01 के अंतर्गत की गई बजट घोषणा है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करना है।

उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से प्रत्येक जिले में चिन्हित पांच ग्राम पंचायतों में इसे लागू किया जाएगा। इसके पश्चात चरणबद्ध रूप से उन सभी ग्राम पंचायतों में योजना लागू की जाएगी जहां आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। जिले में झुंठा, शिवपुराघाटा, धनेरिया, लाम्बियां एवं पाटन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है।

## सहकार संगम 2026 का आयोजन

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान कोऑपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज एसोसिएशन (ARCSS) – "The Spirit of Togetherness" की भावना के साथ सहकार संगम 2026 का आयोजन किया जा रहा है ।

यह एक महत्वपूर्ण सम्मेलन है, जो राज्य भर के सहकारी निरीक्षकों और विभाग के उच्च स्तर के नेतृत्व को एक मंच पर लाकर सहकारी आंदोलन को और मजबूत करने, एकता बढ़ाने तथा राजस्थान में सहकारी सेवाओं के विकास पर गहन चर्चा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

यह एसोसिएशन विशेष रूप से राजस्थान सहकारिता अधीनस्थ सेवाओं (Rajasthan Subordinate Cooperative Services) के निरीक्षकों का प्रतिनिधित्व करती है। ये अधीनस्थ सेवाएं सहकारिता विभाग के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न स्तरों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जैसे सहकारी संस्थाओं के निरीक्षण, लेखा-जोखा प्रबंधन, सदस्यों की सेवाएं, ऋण वितरण एवं वसूली, प्रशासनिक कार्यों का संचालन तथा सहकारी समितियों के दैनिक संचालन में सहयोग। ये सेवाएं सहकारी क्षेत्र की रीढ़ हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसानों, श्रमिकों, शिल्पकारों एवं लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने में सीधे योगदान देती हैं। अफ्ऊरर इन अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों के अधिकारों, व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण, सेवा शर्तों में सुधार एवं सहकारी भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अध्यक्षा श्री मती सुमित्रा चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक जी, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग, राजस्थान सरकार उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमामय मौजूदगी राज्य सरकार की सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने, ग्रामीण सशक्तिकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती आनंदी, शासन सचिव एवं पंजीयक, सहकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर अपनी मूल्यवान अंतर्दृष्टि एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

सहकार संगम 2026 का विवरण निम्नानुसार है:

दिनांक: 17 जनवरी 2026

समय: प्रातः 11:00 बजे से

स्थान: फ्क्ऊ झालाना, जयपुर।

यह कार्यक्रम सार्थक चर्चा, नेटवर्किंग के अवसर तथा सहकारिता के सिद्धांतों के प्रति नई ऊर्जा एवं समर्पण प्रदान करने वाला होगा।

अफ्ऊरर सहकारी भावना को मजबूत करने, अधीनस्थ सेवाओं में व्यावसायिक उत्कृष्टता, प्रशिक्षण एवं सेवा सुधार को प्रोत्साहित करने तथा समाज के उत्थान हेतु सहकारी प्रयासों में सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

साथ मिलकर मजबूत सहकारी राजस्थान की दिशा में हमारी यात्रा जारी रहेगी।

● **जारीकर्ता:**

श्रीमती सुमित्रा चौधरी
(प्रदेशाध्यक्ष) एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य
एसोसिएशन ऑफ राजस्थान कोऑपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज (अफ्ऊरर)

## केरियर गाइडेंस सेमिनार में युवाओं को मिला सफलता का मंत्र




**चमकता राजस्थान/देवली कलां। दिलीप चौहान।** ब्यावर जिले के रायपुर उपखंण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुशालपुरा के मरूधर केसरी गौ शाला के सामने एम के कालानी में श्रीदेव लाईब्रेरी में केरियर गाइडेंस सेमिनार में सभी छात्र-छात्राओं को बेंग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रोंओ द्वारा सरस्वती पूजा अर्चना दिप जला कर एवं स्वागत गीत से अतिथि श्रीमति निरंज कंवर एवं युवराज सिंह तंवर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरंज कंवर ने कहा छात्र छात्राओं को अपने अपने लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने कि बात कही। अतिरिक्त मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश ने कहा कि शिक्षा छात्र के सर्वांगीण विकास शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रक्रिया है जो छात्र के हर पहलू आंतरिक और बाहरी का पोषण करती है, उसे जीवन की जटिलताओं से निपटने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए सशक्त बनाती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि दिलीप चौहान कहा कि छात्र छात्राओं को किताबों का ज्ञान के सहित व्याहारिक ज्ञान भी रखना चाहिए । अति वरिष्ठ अतिथि हनुवंतलाल राठौड़ ने बताया कि किताबें के ज्ञान का साथ आज़ कल मोबाइल फोन से आनलाईन कक्षाओं एवं प्रतियोगिता परीक्षा कि तैयारी में मोबाइल फोन सहायक बनता जा रहा है इसका भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही साथ दुष्प्रभाव से बचने के गुर बताए गए। संचालक प्रताप सिंह तंवर ने सभी अतिथियों का साफ़ा माला , स्मृति चिन्ह भेंट कर बहुमान-सम्मानित किया गया। साथ ही सभी लाईब्रेरी में के करिबन पैंतालीस सदस्यों को बैग देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षकों ने पेश की मिसाल: भामाशाह बन 120 बच्चों को बांटे स्वेटर



**चमकता राजस्थान/उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धनसिंह।** गंगधार, स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनारी में विद्यालय कर्मियों द्वारा एक अनूठा भामाशाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल के शिक्षकों ने स्वयं पहल करते हुए कक्षा 1 से 8 तक के 120 विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) राजेन्द्र जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्याता ओमप्रकाश शर्मा एवं उपसरपंच विक्रम सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर SDMC अध्यक्ष कालु सिंह, सदस्य मदन सिंह, सुरेश सिंह व भारत सिंह भी उपस्थित थे।

प्रधानाचार्य हंसराज कुमार ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक साथियों ने अपनी नेक कमाई से सहयोग राशि एकत्रित कर 'भामाशाह' की भूमिका निभाई। इस पहल का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में बच्चों को राहत पहुंचाना और उनकी शिक्षा में सहयोग करना है।

₹आज के दौर में शिक्षक शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ विद्यालय के भामाशाह के रूप में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जो सराहनीय है।

– श्री राजेन्द्र जैन, CBEO डग कार्यक्रम का संचालन

कार्यक्रम के अंत में CBEO जैन ने विद्यालय परिवार व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को आशीर्वाद दिया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन शारीरिक शिक्षक श्री विक्रम सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान समस्त स्टाफ और SDMC सदस्य उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों व मनरेगा को लेकर कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक

चमकता राजस्थान

**जुगलकिशोर बावल/ पाली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) एवं मनरेगा योजना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय पाली स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। बैठक के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, समस्त ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों ने जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा के नेतृत्व में विधायक भीमराज भाटी व पूर्व विधायक खुशवीर सिंह जोजावर



के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा ने कहा कि मतदाता सूची संशोधन में हुई व्यापक त्रुटियों के खिलाफ नागरिक अधिकारों की रक्षा करना कांग्रेस पार्टी का दायित्व है। पाली जिले में किसी भी पात्र मतदाता का नाम काटा जाना लोकतंत्र की हत्या है। यह प्रशासनिक भूल नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश है, जिसका सबसे अधिक असर अल्पसंख्यक, गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग, महिलाएं और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी हर उस नागरिक के साथ खड़ी है, जिसका नाम, अधिकार और सम्मान छीना जा रहा है।

निम्बाडा ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा एवं आरएसएस से जुड़े लोग सरकारी बीएलओ पर अनुचित दबाव बनाकर बाहरी और अपात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वा रहे हैं, जबकि कांग्रेस विचारधारा से जुड़े पात्र मतदाताओं के नाम गलत तथ्यों के आधार पर कटवाए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया रक्क्ष के बाद जारी प्रथम ड्राफ्ट सूची के माध्यम से आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों की मतदाता सूची को प्रभावित करने का प्रयास है, जो पूरी तरह अनैतिक है।

विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि दलगत राजनीति के चलते कई पात्र मतदाताओं के खिलाफ आपत्तियां प्रस्तुत की जा रही हैं और बिना नोटिस दिए, बिना पक्ष सुने ही आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है, जो असंवैधानिक है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व बीएलए-2 से आ''ान किया कि वे अपने-अपने बूथ पर गंभीरता से निगरानी रखें और बिना ठोस कारण नाम काटने के प्रयासों का बीएलओ स्तर पर विरोध करें।

## संक्षिप्त समाचार

### सखी वन स्टॉप सेंटर: पीड़ित से सशक्त महिला तक का भरोसेमंद सफ़र




**चमकता राजस्थान/कमल साहू/ब्यावर।** राजस्थान सरकार की संवेदनशील सोच और महिला सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ संकल्प का सशक्त उदाहरण ब्यावर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर आज अनेक महिलाओं और बालिकाओं के लिए आशा, सुरक्षा और सम्मान का केंद्र बन चुका है। महिला अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में ऐक्य शिक्षण एवं जनकल्याण समिति द्वारा संचालित यह केंद्र राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय, ब्यावर के एमसीएच विंग के द्वितीय तल पर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

सखी वन स्टॉप सेंटर भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे राजस्थान सरकार द्वारा ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इस केंद्र का उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं और 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को एक ही छत के नीचे त्वरित, समन्वित और सम्मानजनक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि वे भय और पीड़ा से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

यह केंद्र घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, तस्करी, तेजाब हमले सहित किसी भी प्रकार की निजी या सार्वजनिक हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए 24७७ उपलब्ध है। यहां पीड़िताओं को न केवल सुरक्षित वातावरण मिलता है, बल्कि पुलिस सहयोग, चिकित्सा सहायता, कानूनी मार्गदर्शन और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सभी आवश्यक सेवाएं एक साथ उपलब्ध कराई जाती हैं।

### रविन्द्र खाण्डेकर बने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के जिला प्रभारी



**चमकता राजस्थान/खरगोन। मंडलेश्वर (नि.प्र)** समाजहित में वर्षो से सक्रिय भूमिका निभा रहे ग्राम ठनगाँव (मंडलेश्वर) निवासी रविन्द्र पिता कृष्णा खाण्डेकर को अखिल भारतीय बलाई महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र पंवार की अनुसंशा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के द्वारा खरगोन जिले का जिलाप्रभारी नियुक्त किया गया! यह आयोजन इंदौर के गौपुर चौराहे स्थित तंवर राजपूत धर्मशाला गार्डन में आयोजित मकर संक्रांति पर कार्यकर्त्ता सम्मेलन में किया गया! आयोजन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से बलाई समाज के कार्यकर्त्ता शामिल हुए व समाज हित में कार्यकरने हेतु जिम्मेदारीयां ली! जहाँ आकाश सिंधे को खरगोन जिलाध्यक्ष महादेव खेड़े व मुकेश वासुरे को जिला महामंत्री जीतू आर्य को जिलामिडिया प्रभारी कुलदीप चौबे व कालू कोल को जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल कोगे को बड़वाह तहसील अध्यक्ष एवं पवन खाण्डेकर को महेश्वर तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया! जहाँ राजेश बागदरे, विजय सोनारे रामेश्वर खाण्डे राजेश पंवार प्रदीप खेड़े प्रदीप हिरवे भूपेंद्र गोयल गोविन्द पांडे पवन सावले पंकज खाण्डेकर सौरभ खाण्डेकर सहित सभी पदाधिकारीयों को समाज के लोगों ने बधाईयां दी!

### संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह ने उपखंड कार्यालय फलौदी का किया वार्षिक निरीक्षण



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को उपखंड कार्यालय फलौदी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संधारित समस्त दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए उपखंड अधिकारी पूजा चौधरी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही गत वर्ष के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर हुई प्रगति की समीक्षा भी की।

संभागीय आयुक्त ने बकाया राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरण आमजन के दैनिक जीवन से सीधे जुड़े होते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े राजस्व मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने कार्यालय व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने फलौदी विधानसभा क्षेत्र में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बार अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं अधिवक्ताओं द्वारा फलौदी जिला मुख्यालय पर राजस्व अपील अधिकारी न्यायालय खोलने को लेकर एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिस पर आयुक्त महोदया ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस दौरान उपखंड अधिकारी फलौदी पूजा चौधरी, तहसीलदार फलौदी विश्नसिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी प्रताप सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरपतराम चौधरी सहित उपखंड एवं तहसील कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।


## आई - पैक रेड मामला

# ईडी अफसरों पर नहीं होगी एफआईआर, ममता सरकार को नोटिस



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में राजनीतिक रणनीतिकार संस्था आई पैक के दफ्तर पर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। ईडी ने आरोप लगाया है कि बंगाल पुलिस और राज्य सरकार ने जांच में दखल दिया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश देते हुए ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच जिसकी अध्यक्षता जस्टिस पीके मिश्रा कर रहे थे, उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्रीय एजेंसी की जांच में दखल नहीं दिया जा सकता है। कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर दर्ज एफआईआर को अगली सुनवाई तक स्थगित कर दिया है और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि रेड के दौरान की गई सीसीटीवी फुटेज और सर्च की रिकॉर्डिंग से जुड़े सभी स्टोरेज डिवाइस सुरक्षित रखे जाएं। कोर्ट ने कहा कि मामले में कानून से जुड़े गंभीर सवाल हैं और उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर जांच के दौरान सबूतों की चोरी की। उन्होंने दावा किया कि रेड के समय मुख्यमंत्री खुद आई पैक के ऑफिस पहुंचीं और ईडी अधिकारियों के लैपटॉप, मोबाइल फोन और अहम दस्तावेज जबरन ले लिए। ईडी का यह भी कहना है कि कोलकाता पुलिस कमिश्नर और डीजीपी की मौजूदगी में पीएमएलए के तहत की जा रही तलाशी में दखल दिया गया। एजेंसी ने इसे कोई एक घटना नहीं बताते हुए कहा कि पहले भी केंद्रीय एजेंसियों की जांच में राज्य मशीनरी के हस्तक्षेप का पैटर्न देखा गया है। ईडी ने कोर्ट से पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को सस्पेंड करने और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। एजेंसी का कहना है कि राज्य में निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंक्षी ममता बनर्जी की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि आईपैक ऑफिस में केवल चुनाव से जुड़ा गोपनीय डेटा था, जिसका ईडी की जांच से कोई लेना-देना नहीं था। वकीलों ने दलील दी कि ममता बनर्जी जेड -कैटेगरी की सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति हैं, इसलिए उनके साथ पुलिस अधिकारियों का होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कुछ ही मिनटों के लिए वहां गई थीं और कोई दस्तावेज जब्त नहीं किया। पंचनामा में भी किसी जब्ती का जिक्र नहीं है।



## न्यूज़ अपडेट

### ममता बनर्जी की राह पर सीएम हेमंत सोरेन?

● **निशिकांत दुबे के दावे से झारखंड में सियासी हलचल**

**देवघर।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सोरेन सरकार पर ईडी कार्यालय घेरने और सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। उन्होंने पीएमओ से केंद्रीय बल तैनाती की मांग की। बीजेपी सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तर्ज पर झारखंड सरकार ने भी रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय को पुलिस के जरिए घेर लिया है। निशिकांत दुबे ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक ट्विट लिखकर दावा किया कि रांची के ईडी कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पुलिस-प्रशासन से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामलों से संबंधित अहम सबूत मौजूद हैं। उन्होंने आशंका जताई कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में इन महत्वपूर्ण साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है और ईमानदार अधिकारियों को परेशान या गिरफ्तार किया जा सकता है। बीजेपी सांसद ने कहा कि झारखंड में पहले भी ईडी के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं. इसके अलावा झामुमो और कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा ईडी कार्यालय पर हमले की कोशिशें भी हो चुकी हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की घटनाएं केंद्रीय जांच एजेंसियों के स्वतंत्र और निष्पक्ष काम में बाधा डालने का प्रयास हैं।



निशिकांत दुबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि झारखंड को पश्चिम बंगाल की तरह नहीं बनने दिया जाएगा और भ्रष्टाचार करने वालों को सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने झारखंड में कथित अवैध प्रशासन को खत्म करने की बात भी कही। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय से मांग की कि रांची स्थित ईडी कार्यालय की सुरक्षा के लिए तुरंत केंद्रीय बलों की तैनाती की जाए, ताकि जांच एजेंसी बिना किसी दबाव के अपना काम कर सके।

### पीएम मोदी के मुरीद हुए कांग्रेस के नेता शशि थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने संसद के 'संविधान सदन' में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन की तारीफ की है। थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री का भाषण लोकतंत्र और विविधता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। असल में, थरूर 28वें 'राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन' में शामिल थे। एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोकतंत्र और विविधता पर भारत के संकल्प को रेखांकित किया।' थरूर ने यह भी बताया कि उन्होंने ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के अध्यक्षों समेत कई विदेशी प्रतिनिधियों से मुलाकात की। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय लोकतंत्र की ताकत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र का मतलब भेदभाव के बिना समाज के आखिरी व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इसी भावना के कारण भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पीएम ने ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) के लिए एक नए रोडमैप की वकालत करते हुए कहा कि भारत हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इन देशों के हितों की बात उठाता रहेगा। बता दें कि थरूर की तारीफ और कांग्रेस की प्रतिक्रिया यह पहली बार नहीं है जब थरूर ने प्रधानमंत्री के भाषण की प्रशंसा की है। इससे पहले नवंबर में भी उन्होंने पीएम मोदी के विचारों का समर्थन किया था, जिसे लेकर उनकी पार्टी (कांग्रेस) के भीतर चर्चाएं शुरू हो गई थीं।

# कानून की कचहरी से जनता की अदालत तक...

## मनरेगा पर कांग्रेस छेड़ने जा रही बड़ी लड़ाई




**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) का नाम बदलकर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (भीबी-जी राम राम जी) अधिनियम, 2025 कर दिया गया है। देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध किया है। अब कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने मनरेगा योजना को खत्म करने को संवैधानिक और कानूनी रूप से चुनौती देने का फैसला किया है। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया है कि इस मुद्दे को जनता की अदालत में ले जाया जाएगा। कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने गुरुवार (15 जनवरी) को दो टूक कहा कि राज्य सरकार मनरेगा योजना को खत्म करने को संवैधानिक और कानूनी रूप से चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर 22 जनवरी से राज्य विधानसभा का संयुक्त सत्र बुलाया गया है, जिसमें मनरेगा को हटाकर लागू किए गए नए कानून भीबी-जी राम जी ऐक्ट 2025 पर विशेष चर्चा होगी।

### ग्रामीण भारत के साथ बड़ा अन्याय

प्रियंक खड़गे ने कहा, 'मनरेगा को खत्म करना ग्रामीण इलाकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। हमने दो दिन का विशेष सत्र इसी मुद्दे पर बुलाया है। हमने जनता के सामने साफ किया है कि नए कानून और मनरेगा में क्या फर्क है और इसका सामाजिक व आर्थिक असर क्या होगा। हम इस फैसले को संविधान, कानून और जनता–तीनों के सामने चुनौती देंगे।'

### केंद्र के फैसले पर कांग्रेस का तीखा हमला

इससे पहले कर्नाटक सरकार के मंत्री एच.के. पाटिल ने भी केंद्र के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'तानाशाही भरा और क्रूर निर्णय बताया था। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण लोगों को काम का अधिकार दिया था, जिसे अब छीन लिया गया है। पाटिल ने कहा, 'मनरेगा ग्रामीण मज़दूरों और कृषि श्रमिकों के लिए जीवनरेखा थी। केंद्र सरकार ने यह अधिकार उनसे छीन लिया है।'



# चीन को फायदा पहुंचा रहे हैं पीएम मोदी..

## विपक्ष ने प्रधानमंत्री पर लगाया आरोप, पूछे ये सवाल

**देवघर।** भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव अब केवल सैन्य संघर्ष तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह देश की आंतरिक राजनीति का एक बड़ा मुद्दा बन गया है। हाल के बरसों में चीन की लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक बढ़ती आक्रामकता ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चीन के प्रति 'नरम रुख' अपनाने का आरोप लगाती रही है, जिससे देश में एक नई राजनीतिक बहस छिड़ गई है।

पिछले कुछ दशकों से 'सलामी स्लाइसिंग' (धीरे-धीरे जमीन कब्जाने) की नीति पर काम कर रहा है। गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद से भारत और चीन के रिश्ते अपने सबसे निचले स्तर पर हैं। इसके बावजूद, व्यापारिक आंकड़ों पर नज़र डालें तो चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। यही वह बिंदु है जहां विपक्ष सरकार को घेरता है कि एक तरफ सीमा पर जवान शहीद हो रहे हैं और दूसरी तरफ आर्थिक मोर्चे पर चीन को लाभ मिल रहा है।

### क्या है 'चीन से मोहब्बत' वाले आरोपों की हकीकत?

इस मामले को लेकर विपक्ष प्रधानमंत्री पर निशाने साध रहा है। राजनीतिक गलियारों में ₹पीएम मोदी को चीन से मोहब्बत है₹ जैसे तीखे जुमले अक्सर उछाले जाते हैं। इन आरोपों के पीछे विपक्ष के तीन मुख्य तर्क होते हैं। विपक्ष का कहना है कि 2014 से पहले 'लाल आंख' दिखाने की बात करने वाले पीएम अब चीन का नाम लेने से कतराते हैं।चीनी ऐप्स पर बैन लगाने के बावजूद, भारी मशीनरी और कच्चे माल के लिए भारत की अभी भी चीन पर निर्भरता बनी हुई है। बफर जोन का निर्माणः आरोप हैं कि पीछे हटने की प्रक्रिया के दौरान भारत ने अपनी ही जमीन पर 'बफर जोन' बना दिए हैं, जहाँ पहले भारतीय सेना गश्त करती थी।



# गणतंत्र दिवस

26 जनवरी वह दिन है जब भारत ने खुद को पूर्ण रूप से स्वशासित राष्ट्र घोषित किया। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद जरूर हुआ, लेकिन तब तक भारत के पास अपना संविधान नहीं था। असली आज़ादी तब पूरी हुई जब देश अपने बनाए कानूनों से चलने लगा। यही वजह है कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने संविधान को अपनाकर खुद को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। भारत 26 जनवरी को अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। बता दें कि कर्तव्य पथ को पहले राजपथ के नाम से जाना जाता था, लेकिन सरकार ने इसका नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया। ऐसे में आपको गणतंत्र दिवस के बारे में दिलचस्प बात बताएंगे। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सत्ता किसी व्यक्ति, राजा या सरकार की नहीं, बल्कि संविधान और जनता की होती है। यह दिन अधिकारों का उत्सव है, लेकिन उतना ही कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। 26 जनवरी को ही गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है? भारत एक गणराज्य देश कैसे बना और संविधान लागू होने के बाद क्या बदलाव आया।









## भारत को मिली पूरी आजादी

तारीखः 25 जनवरी 1950, दिनः गुरुवार, कड़ाके की ठंड के बीच गवर्नमेंट हाउस के दरबार हॉल में मेहमानों की आवाजाही शुरू हो चुकी थी. मंत्री, जज, विदेशी मेहमान, सेना के बड़े अधिकारी सब अपनी-अपनी जगह पर आकर बैठ चुके थे।

सुबह ठीक 10 बजकर 18 मिनट पर वह ऐलान हुआ, जिसका इंतजार सदियों से था. भारत को आधिकारिक रूप से 'सॉवरेन डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ इंडिया' घोषित कर दिया गया।

छह मिनट बाद 10 बजकर 24 मिनट पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली. तत्कालीन गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने पहले घोषणा पढ़ी और फिर शपथ दिलवाई.

शपथ पूरी होते ही आसमान तोपों की सलामी से गूंज उठा. एक-एक कर 31 तोपों की सलामी दी गई. यह सिर्फ सलामी नहीं थी, यह दुनिया को संदेश था कि भारत अब अपने फैसले खुद करेगा।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने पहले हिंदी में, और फिर अंग्रेज़ी में छोटा सा भाषण दिया. उन्होंने देश की एकता, विविधता और लोकतंत्र की बात की. 10:35 बजे के आसपास यह समारोह खत्म हो गया।

दोपहर ठीक 2 बजकर 30 मिनट पर गवर्नमेंट हाउस के फोरकोर्ट में हलचल एक बार फिर बढ़ गई. एक खास स्टेट कोच तैयार था. करीब 35 साल पुराने इस बग्घी को नए गणराज्य के लिए नए सिरे से सजाया गया. आज उस पर पहली बार भारत का राष्ट्रीय प्रतीक 'अशोक स्तंभ' उस पर चमक रहा था।

छह ऑस्ट्रेलियाई घोड़े उसे खींचने के लिए तैयार थे. साथ में राष्ट्रपति बॉडीगार्ड की घुड़सवार टुकड़ी भी थी. जैसे ही कोच आगे बढ़ा, सड़क के दोनों ओर खड़ी भीड़ ने नारे लगाना शुरू कर दिया. लोग पेड़ों पर चढ़े हुए थे, छतों से झांक रहे थे. हर कोई आजाद भारत की ताकत और अपने पहले राष्ट्रपति देख रहा था।

पहले गणतंत्र दिवस समारोह की परेड राष्ट्रपति भवन से शुरू होकर संसद भवन के पास से गुजरा. फिर संसद मार्ग, आउटर कनॉट सर्कल, बाराखंभा रोड से होते हुए काफिला भगवंदास रोड की तरफ मुड़ गया. करीब सवा घंटे की यात्रा के बाद दोपहर करीब 3 बजकर 45 मिनट पर राष्ट्रपति का काफिला इरविन स्टेडियम पहुंचा, जिसे आज नेशनल स्टेडियम के नाम से जाना जाता है।

## राष्ट्रगान के दौरान 21 तोपों की दी जाती है सलामी

बताते चलें कि गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रगान के दौरान 21 तोपों की सलामी दी जाती है। यह सलामी राष्ट्रगान के शुरूआत से 52 सेकेंड तक होती। कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड भारत की सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता, राज्यों की पहचान को दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का प्रतीक है।

## 1950 को लागू हुआ था संविधान

दरअसल, 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था। इसी के उपलक्ष्य में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हैं। इसके बाद परेड निकाली जाती है। जिसमें भारतीय सेना के जवान हिस्सा लेते हैं।

## पहली बार इरविन स्टेडियम में निकली थी गणतंत्र दिवस परेड

26 जनवरी 1950 को पहला गणतंत्र दिवस समारोह इरविन स्टेडियम में मनाया गया था। जिसे आज नेशनल स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। उस दौरान स्टेडियम की चारदीवारी नहीं थी। इरविन स्टेडियम से पुराना किला साफ दिखाई देता था।

## इसलिए 26 जनवरी को मनाया जाता है गणतंत्र दिवस

26 जनवरी 1930 को महात्मा गांधी की अगुवाई में पहली बार पूर्ण स्वराज दिवस मनाया गया। इस दिन देश की संपूर्ण आजादी के लिए लड़ाई शुरू हुई थी।

26 नवंबर 1949 को संविधान का गठन होने के बाद इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी 1950 का दिन चुना गया। यह फैसला पूर्ण स्वराज दिवस की 20वीं एनिवर्सरी को सैल्यूट करने के लिए लिया गया।

15 अगस्त 1947 को आजादी मिलने के बाद हमारे नेता 26 जनवरी के दिन को भी ऐतिहासिक दिवस के रूप में यादगार बनाना चाहते थे। इसी वजह से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।

## इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट थे चीफ गेस्ट, 3 दिन चला था जश्न

पहले गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के फर्स्ट प्रेसिडेंट सुकर्णो चीफ गेस्ट थे। ये सेलिब्रेशन तीन दिन तक चला था। इस जश्न का समापन 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के साथ हुआ था।बता दें कि पहली बार जब गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन किया गया था तो तब से ही मुख्य अतिथि बुलाने की परंपरा बनाई गई थी। ये परंपरा आज भी जारी है। गणतंत्र दिवस के मौके पर दूसरे देशों के राष्ट्रध्यक्षों को बुलाया जाता है। पहले गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति थे।

## पांच साल बाद हुई राजपथ पर पहली परेड

पहली रिपब्लिक डे परेड राजपथ पर साल 1955 में हुई थी। परेड में क्रिश्चियन सॉन्ग 'अबाइड विद मी' बजाया गया था। यह महात्मा गांधी के सर्वाधिक प्रिय गानों में से एक कहा जाता है।

## 1954 तक अलग-अलग जगहों पर मनाया गया गणतंत्र दिवस

साल 1954 तक गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन अलग-अलग जगह पर किया जाता रहा। गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन स्टेडियम, किंग्सवे (राजपथ), लालकिला और रामलीला मैदान में भी किया गया। हालांकि, साल 1955 से गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राजपथ (कर्तव्य पथ) को चुना गया। जिसके बाद से ही हर साल यहां गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाता है। बता दें कि परेड की शुरुआत रायसिना हिल्स से होती है और वह राजपथ, इंडिया गेट से गुजरती हुई लालकिला तक जाती है।

## 15 हजार लोगों ने लिया था हिस्सा

बताया जाता है पहली गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए स्टेडियम में करीब 15 हजार लोग मौजूद थे। इस परेड में सशस्त्र सेना के तीनों बलों ने भी हिस्सा लिया था। इसके अलावा सेना के सात बैंड भी गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए थो। यह परंपरा आज भी कायम है।





## संक्षिप्त समाचार

### बिजोवा रोड ओवरब्रिज पर गाय का कटा सिर मिलने से सनसनी, रानी थाने में मामला दर्ज



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/ रानी/पाली।** रानी थाना क्षेत्र के बिजोवा रोड स्थित ओवरब्रिज के पास एक पिलर पर गाय का कटा हुआ सिर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले को लेकर गो सेवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित ने रानी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में राजपुरोहित ने बताया कि शुक्रवार दोपहर भीमाराम सीरवी ने दूरभाष पर उन्हें ओवरब्रिज के पास गाय का सिर कटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही उपखंड अधिकारी शिवा जोशी, डिप्टी एसपी पारस सीरवी, थाना अधिकारी आनंद कुमार सांखला सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय योगासन मंच पर निर्णायक बनी जसमीत कौर सलूजा

**चमकता राजस्थान/रायपुर (छत्तीसगढ़)।** में 16 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया के राष्ट्रीय टुर्नामेंट 'अस्मिता योगासन जोनल लीग (वेस्ट जोन)' में जिला ब्यावर की जसमीत कौर सलूजा, सचिव झ ब्यावर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, को अखिल भारतीय निर्णायक (जज) दल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए पूरे भारत देश से चयनित 28 सदस्यीय निर्णायक टीम का गठन किया गया है, जिसमें जसमीत कौर सलूजा का चयन उनके योगासन खेल में तकनीकी दक्षता, संगठनात्मक अनुभव एवं निष्पक्ष निर्णय क्षमता के आधार पर किया गया है। यह चयन जिला ब्यावर एवं राजस्थान के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस राष्ट्रीय योगासन लीग में गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं लक्षद्वीप सहित विभिन्न राज्यों की श्रेष्ठ महिला योगासन एथलीट सहभागिता करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन योगासन भारत (Yogasana Bharat) के तकनीकी दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। ब्यावर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की सचिव जसमीत कौर सलूजा का राष्ट्रीय योगासन मंच पर निर्णायक के रूप में चयन न केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि इससे ब्यावर जिले में योगासन खेल को नई पहचान, प्रेरणा और सशक्त दिशा प्राप्त होगी।

### श्री तेलीयान साहू समाज पीसांगन की नई कार्यकारणी का गठन



**चमकता राजस्थान/ पीसांगन।** तेलीयान साहू समाज की मीटिंग 15/जनवरी/26 को तेलीयान शिव मंदिर में हुई जिसमे सर्व सम्मति से नई कार्यकारणी का गठन किया नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनोहर लाल डिया उपाध्यक्ष नाथूलाल गुलाणिया महामंत्री धनराज पंचौली कोषाध्यक्ष दिनेश महावर सचिव शिव शंकर महावर संरक्षक बद्री प्रसाद पिण्डियार कैलाश चंद रेगा कैलाश चंद आसरवा सुरेश कुमार महावर तिलोक चंद पंचौली सलाहकार सुरेश चंद रेगा शम्भूलाल मंगरोला सत्यनारायण जादम अशोक सिरतलिया मनोहर जादम को सर्वसम्मति से मनोनित किया इस मौके पर पीसांगन साहू समाज के सभी गणमान्य व ब्यावर साहू समाज से साहू वाटिका के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल अजमेरा पूर्व महामंत्री पिंटू आसरवा उपस्थित थे सभी ने नवनियुक्त कार्यकारणी व गणमान्य का स्वागत किया।

### मदरामपुरा में आगामी दिनों में होगा भव्य मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** अखिल भारतीय जागिड़ ब्राह्मण शाखा सभा, मदरामपुरा तथा श्री विश्वकर्मा जागिड़ मंदिर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा जी मंदिर, श्री महावीर नगर, मदरामपुरा (डिग्गी रोड, सांगानेर) में आगामी दिनों में भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आयोजन के अंतर्गत 21 जनवरी 2026 को कलश यात्रा, 22 जनवरी 2026 को हवन एवं 23 जनवरी 2026 को पंचमी के पावन अवसर पर श्री विश्वकर्मा जी, बालाजी, शिव पंचायत, जिंद बाबा एवं माता दी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई जाएगी। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:15 बजे होगा।

इसी क्रम में 23 जनवरी 2026 को भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जो सायं 2:15 बजे से श्रद्धालुओं के आगमन तक चलेगा। भजन संध्या में भक्तिमय प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक वातावरण निर्मित किया जाएगा।

यह संपूर्ण आयोजन मंदिर व्यवस्थापक श्री संत मंगल राम जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आयोजन समिति ने समस्त समाजबंधुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष पप्पू जांगिड़ और महामंत्री राजेश जांगिड़ लसाड़िया ने यह जानकारी दी है।

# श्री श्रीयादे माता जयंती पर जोधपुर में दो दिवसीय भव्य महोत्सव, 20 जनवरी को निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर। कुम्हार (प्रजापति)** समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता की जयंती के पावन अवसर पर श्री श्रीयादे माता जयंती महोत्सव समिति, जोधपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय विशाल एवं भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार 19 जनवरी 2026 को होगा, जबकि मंगलवार 20 जनवरी 2026 को भव्य शोभायात्रा के साथ समापन किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुड़िया ने आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस विराट आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरे जोधपुर शहर को 40 से अधिक प्रखण्डों में विभाजित किया गया है तथा सभी क्षेत्रों में बैठकों के माध्यम से व्यापक तैयारियाँ की गई हैं।




**● आकर्षण का केन्द्र रहेंगी भव्य झांकियाँ**

सचिव भंवरलाल ओडिया ने बताया कि शोभायात्रा में नवदुर्गा की झांकियाँ, सामाजिक, धार्मिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत आकर्षक झांकियाँ शामिल होंगी। फाइटर विमान, भारतीय कमांडो, तोप, शैक्षणिक झांकियाँ, भजन मंडलियाँ, जोधपुर की प्रसिद्ध बैण्ड पार्टियाँ तथा सोजत सिटी की सुप्रसिद्ध कच्छी घोड़ी नृत्य विशेष आकर्षण रहेंगे। ऊंट, घोड़े, रथ और व्यायामशाला के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे।

**● पहला दिन: विराट भजन संध्या**

माघ सुदी एकम, सोमवार 19 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे, श्री श्रीयादे माता मंदिर, रातानाडा में विराट भजन संध्या का आयोजन होगा।

इस अवसर पर कालूराम प्रजापति 'कमल', पन्नालाल टटवाडिया एवं चेतन 'मासा' ऐणिया के नेतृत्व में समाज के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से भक्ति रस की सरिता बहाएंगे। भजन संध्या में शहर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं श्रद्धालु भाग लेंगे।

**● दूसरा दिन: ऐतिहासिक शोभायात्रा**

माघ सुदी बीज, मंगलवार 20 जनवरी 2026 को प्रातः 10:30 बजे श्री श्रीयादे माता मंदिर, रातानाडा से भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ होगा।

मुख्य अतिथि समाजसेवी उद्योगपति सांगाराम घोडेला (देचू वाले) एवं जनप्रतिनिधि शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

महासचिव महेन्द्र कुमार घोडेला ने बताया कि शोभायात्रा रातानाडा से प्रारम्भ होकर नई सड़क, घंटाघर, कंदोई बाजार, कटला बाजार, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड होते हुए गांधी मैदान में विसर्जित होगी।

# चितावा पुलिस ने किया अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी बलवीर कुमार को गिरफ्तार

चमकता- राजस्थान

**भागीरथ सिंह शेखावत/ डीडवाना-कुचामन।** पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देशन में विमल नेहरा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन सिटी व मुकेश चौधरी आरपीएस वृताधिकारी कुचामन के सुपरविजन में तेजाराम पुलिस निरीक्षक

थानाधिकारी पुलिस थाना चितावा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपहरण व बलात्कार के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी बलवीर कुमार को गिरफ्तार किया गया है, घटना दिनांक 02/12/2025 को प्राथिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दिनांक 31/5/2025 की रात्रि को आरोपी बलवीर कुमार ने मुझे शादी का झांसा देकर घर से भगा कर ले गया था, मुझे पहले सीकर होटल में लेकर गया,फिर मुझे लोसल महाराष्ट्र नागपुर रेलवे स्टेशन व जयपुर में किराए के रूम में रखा था, और मेरे साथ शारीरिक संबंध स्थापित करता रहा, मेरे साथ मारपीट भी करता, मैं शादी के लिए है कहा तब मारपीट कर जयपुर भांकरोटा छोड़कर भाग गया,

उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 190 /2025 धारा 87, 127 ल2ल127ल4ल64ल1ल64ल2ल (m) बीएनएस अनुसंधान प्रारंभ किया गया,

गिरफ्तार आरोपी बलवीर कुमार पुत्र मदनलाल जाति मेघवाल उम्र 23 निवासी चितावा -पुलिस थाना चितावा

डीडवाना-कुचामन पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के एक मामले में प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी बलवीर कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने एक महिला को शादी का झांसा देकर उसका अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने आरोपी को ग्राम चितावा से डिटेन कर विधिवत गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी से पीड़िता और उसके परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने कहा, हम महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में सख्ती से निपटेंगे। हमारी टीम ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई की है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से डीडवाना-कुचामन में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में पुलिस की सख्ती का संदेश गया है।

## सहारनपुर पुलिस का 'ऑपरेशन सवेरा': 1.25 करोड़ की स्मैक के साथ बरेली का तस्कर गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में थाना नकुड़ पुलिस और एन्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) की संयुक्त टीम ने ग्राम घाटमपुर तिराहा से एक शातिर नशा तस्कर आमिर, पुत्र जीशान खान निवासी बरेली को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने अभियुक्त के कब्जे से 557 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त के पास से एक मोबाइल फोन, एक नीला बैग और 1210 रुपये की नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। इस साहसिक कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना नकुड़ प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार , ए.एन.टी.एफ. से उ0नि0 रवि कुमार, उ0नि0 नवीन कुमार, है0का0 अश्वनी कुमार, का0 शिवम चौधरी तथा थाना नकुड़ से उ0नि0 अजीत सिंह, का0 विनीत तोमर और है0का0 अजय राठी मुख्य रूप से शामिल रहे।

## राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस विविध गतिविधियां संपन्न



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर। आज राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों को उनके-अपने समूह के अनुसार कक्षा कक्षों एवं महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सफाई का दायित्व सौंपा गया, जिसे सभी दलों ने दलनायकों के नेतृत्व में कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्साहपूर्वक पूर्ण किया।दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित बौद्धिक सत्र में राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य केशव कुमार यादव ने ईएलसी इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता, अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराते हुए नागरिक बोध, सामाजिक जिम्मेदारी तथा शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। बौद्धिक सत्र को स्वयंसेवकों ने गंभीरता एवं रुचि के साथ सुना। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। उपस्थित संकाय सदस्यों में भूगोल के सहायक आचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा, गुमान सिंह मीणा, अभिषेक परमार, ओमप्रकाश गुर्जर, नरेंद्र कुमार लवानिया, डॉ. दिनेश कुमार, अभिषेक गौड़, कृष्णकांत उपाध्याय सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को भोजन भी कराया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की देखरेख प्राचार्य के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश राम गुर्जर द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी दिवस की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। शिविर के दौरान सभी विद्यार्थियों को मंच पर आकर अपना परिचय देने का अवसर दिया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हो सके। इस प्रकार तृतीय दिवस में स्वच्छता अभियान, बौद्धिक सत्र एवं परिचय कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक दायित्व तथा मतदाता जागरूकता जैसे अपेक्षित लक्ष्यों की ओर सार्थक कदम बढ़ाया।

## सहारनपुर पुलिस का 'ऑपरेशन कन्विक्शन': एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 2 वर्ष की जेल

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/ सहारनपुर।** जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा की गई सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-11) ने एक मादक पदार्थ तस्करी के मामले में त्वरित निर्णय सुनाया है। दिनांक 16 जनवरी 2026 को न्यायालय ने थाना मण्डी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 544/2018 के आरोपी जुनैद पुत्र असगर (निवासी पीर वाली गली, निकट छप्पर वाली मस्जिद, थाना मण्डी) को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी करार दिया। इस मामले में प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अउऋ्ष्ठ अमित त्यागी, विवेचक उप-निरीक्षक गुलाब तिवारी और पैरोकार महिला हेड कांस्टेबल संगीता के प्रयासों की सराहना की गई है। न्यायालय ने दोषी जुनैद को 02 वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## व्याख्याता कटारिया के स्थानांतरण पर दी विदाई



**चमकता राजस्थान/रामाराम पावड़/बाड़मेर।** देवली कला- मारवाड़ जंक्शन के ग्राम पंचायत हिंगोला में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता इतिहास के पद पर कार्यरत ओमप्रकाश कटारिया का स्थानांतरण होने पर विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने विदाई दी। विद्यालय में रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मारवाड़ रामराज एवं एसीबीईओ मिश्रीलाल बंजारा मौजूद रहे । विदाई समारोह में व्याख्याता कटारिया को स्टाफ साथियों , ग्रामीणों ने माल्यार्पण,स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया । व्याख्याता कटारिया के विदाई के समय विद्यार्थी भावुक भी नज़र आए। विद्यालय के संस्थाप्रधान ×गणाराम सीरवी ने कहा व्याख्याता कटारिया अपने शिक्षण कार्य के प्रति कटिबद्ध थे उनके 5 वर्षों की सेवा सराहनीय रही विद्यालय को उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। कार्यक्रम में मदनलाल, तिलोक, सुरेश, राजेश, भीखाराम, ताराराम, प्रताप, रामसिंह, नटवरसिंह, मांगीलाल, चंपालाल, प्रकाश, अमीना, दूदाराम, मनोहर, राकेश सहित विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी डीग के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत एक दिवसीय अनशन कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

**मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग।** शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी डीग के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत एक दिवसीय अनशन कार्यक्रम कस्बा बृजनगर के गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगर ,शहर कांग्रेस कमेटी , नगर एवं राजीव गांधी पंचायतीराज विभाग राजस्थान,विधिक, मानवाधिकार एवं फ्ळकविभाग जिला डीग, एवं असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस जिला डीग की कमेटी ने संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ-साथ अनशन किया एवं केंद्र की बीजेपी सरकार के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)को समाप्त करने के निर्णय का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने निंदा करते हुए गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुगड़ सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजीव सिंह चौधरी जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी डीग और विशिष्ट अतिथि नगर विधानसभा प्रभारी श्री राकेश बैरवा जी रहे। इस अवसर पर सुरेश पूंछरी,प्रभारी डॉ.आरिफ खान,प्रभारी,एडवोकेट अशोक कुमार शर्मा,प्रदेश सचिव,राजीव गांधी पंचायतीराज विभाग, राजस्थान व जिलाध्यक्ष विधि प्रक ेष्ठ और असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस जिला डीग, प्रताप सिंह नौगावा कोषाध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर, रामस्वरूप प्रभाती, ओम प्रकाश जाटव, ओमवीर, राकेश कुमार, नंदकिशोर फौजदार, शिवा गाजिया, जमशेद, मोहित,अंसार,आरिफ,खालिद खा,सकुनत,शुभम बंसल,श्याम लाल बाल्मीकि,सुभान खा, सुनील सेनी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर केंद्र की बीजेपी सरकार के निर्णय का गांधीवादी तरीके से विरोध किया। शहर कांग्रेस कमेटी, नगर के अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने सभी कांग्रेसी कार्यकताओं के आगमन पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उपजिला निर्वाचन अधिकारी, ब्रजनगर को जिला निर्वाचन अधिकारी डीग के नाम नियम फॉर्म नंबर 6,7,8 के संबंध में और संबंधित संकलित सूची उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन देने का प्रस्ताव पारित कर ज्ञापन दिया गया।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929